# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष : 13 | अंक : 170 | गौतमबुद्धनगर, रविवार 19 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

नोएडा पुलिस और दिल्ली क्राइम ब्रांच ने किया



P- 4

डीएम एसपी ने ब्रीफ कर पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों पर किया रवाना



P- 5

चेन्नई एक्सप्रेस को बेपटरी कर बेंगलुरु बना रॉयल,प्लेऑफ में पहुंचा



P- 6

शक्कर में उठाव, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मजबूत, दालों में उछाल



## हैप्पी मॉर्निंग

एक चतुर महिला ने फेसबुक पर लिखा...! मन को वश में करना सीख रही हूं आजकल... शिमला जाने का मन होता है तो शिमला मिर्च खा लेती हूं...!
मसूरी जाने का मन होता है तो मसूर की दाल खा लेती हूं...!
और उधमपुर जाने का मन होता है तो घर में उधम मचा देती हूं...!



## शायरी

बंदा तो इस इकरार पै बिकता है तेरे हाथ,
लेना है अगर मोल तो आज़ाद न करना।

## अर्थसार



सेंसेक्स:
73,917.03
+253.31 (0.34%)
निफ्टी:
22,466.10
+62.25

## मौसम



अधिकतम : 44 डिग्री से0
न्यूनतम : 29 डिग्री से
सूर्योदय सोमवार : 5 : 37
सूर्यास्त रविवार : 7 : 14

# हरियाणा में चलती बस में आग, 10 श्रद्धालु जिंदा जले

## 25 से ज्यादा झुलसे; मथुरा-वृंदावन से लौटते समय एक्सप्रेस-वे पर हादसा

एजेंसी



हरियाणा में शुक्रवार देर रात करीब डेढ़ बजे कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर श्रद्धालुओं से भरी चलती बस में आग लग गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 25 से अधिक बुरी तरह झुलस गए। 8 लोगों की मौत मौके पर ही हुई, 2 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

घायलों ने बताया है कि हादसा नूंह जिले में तावड़ू गांव के पास हुआ। बस में 64 लोग सवार थे। ये सभी आपस में रिश्तेदार हैं और पंजाब-चंडीगढ़ के रहने वाले हैं। वे मथुरा-वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे थे। आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। साथ ही खुद भी आग बुझाने का प्रयास किया।

फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। अभी आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने अधिकांश घायलों को नूंह के नल्हड़ स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

तावड़ू गांव के रहने वाले कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने बस में आग लगी देखी तो ड्राइवर को आवाज लगाकर रुकने को कहा। बस नहीं रुकी तो मोटरसाइकिल से पीछा किया और ड्राइवर को सूचना दी। तब तक आग काफी फैल चुकी थी।

गांववालों का कहना है कि उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया था। पुलिस को भी जानकारी दी थी। तब तक कई लोग बुरी तरह झुलस चुके थे। उनमें से 8 की मौत हो चुकी थी।

### हादसे में ये लोग झुलसे, इनकी जान गई

बस में आग लगने से हंसराज, पायल शर्मा, सोनी शर्मा, स्वतंत्र शर्मा, सुदेश कुमारी, उर्मिला शर्मा, निशा शर्मा, अंजू शर्मा, मीना रानी, कृष्णा, नरेश कुमार, जसविंदर राणा, बलजीत सिंह, पूनम, वाय कुमारी, शांति, आदि लोग घायल हुए हैं। कुछ लोगों की पहचान की जा रही है। वहीं, मृतकों में से अब तक 6 की पहचान हो चुकी है। उनमें शशि शर्मा पत्नी राकेश कुमार, उनका बेटा गौतम शर्मा, शशि की पौत्री जोविता उर्फ खुशी सभी निवासी शालीमार नगर होशियारपुर पंजाब, सुनीता भसीन पत्नी राजेश भसीन निवासी मॉडल टाउन कमालपुर पंजाब, दर्शन लाल पुत्र हरि राम निवासी जालंधर पंजाब और अमर रानी पत्नी कश्मीर सिंह निवासी न्यू सैनी एन्क्लेव मोहाली शामिल हैं।

# बंगाल सेक्शुअल हैरेसमेंट केस, राजभवन के 3 कर्मचारियों पर एफआईआर

## सीसीटीवी फुटेज में तीनों महिला को रोकते दिखे थे; राज्यपाल पर अब तक 2 आरोप

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल गवर्नर आनंद बोस से जुड़े सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में कोलकाता पुलिस ने राजभवन के तीन कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

शनिवार (18 मई) को हुई कार्रवाई में पुलिस ने एसएस राजपूत, कुसुम छेत्री और संत लाल का नाम शामिल किया है।

इन तीनों को बंगाल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए पहचाना है। इन पर 2 मई को छेड़छाड़ की घटना के बाद राजभवन की महिला कर्मचारी को गलत तरीके से रोकने का आरोप है।

राजभवन में ही काम करने वाली शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया था कि घटना के बाद उसे स्टाफ ने पकड़ लिया था। 2 मई को उस पर चुप रहने के लिए दबाव डाला गया। पीड़ित इस मामले में पहले ही एक मजिस्ट्रेट के सामने धारा 164 के तहत बयान दर्ज करा चुकी है।

### राज्यपाल पर लगे यौन शोषण के 2 आरोप...

पहला महिला स्टाफ ने लगाया : 2019 से राजभवन में संविदा पर काम कर रही महिला ने 3 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि वह 24 मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी।

तब राज्यपाल ने बदसलूकी की। अगले दिन फिर यही हुआ तो वह राजभवन के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी के पास शिकायत लेकर गई।

दूसरा क्लासिकल डांसर ने लगाया : एक ओडिसी क्लासिकल डांसर ने दिल्ली के एक 5 स्टार होटल में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शिकायत अक्टूबर 2023 में दर्ज कराई गई थी। 14 मई को मामला सामने आया।

ओडिसी डांसर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह विदेश यात्रा से जुड़ी दिक्कतों को लेकर राज्यपाल से मदद मांगने गई थी।

# मुख्यमंत्री आवास का सीसीटीवी फुटेज ग़ायब, वीडियो डिलीट

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा कि सच को छुपाने के लिए मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट के वीडियो को डिलीट कर दिया गया और सीसीटीवी फुटेज को ग़ायब कर दिया गया। मालीवाल ने आज देर रात एक्स पर कहा, पहले मुझे बेरहमी से बिभव ने पीटा। थप्पड़ और लातें मारीं। जब मैंने खुद को छुड़ा के 112 कॉल की, तो बाहर जाकर सुरक्षा कर्मियों को बुलाकर वीडियो बनाने लगा।

# आगरा में 3 जूता कारोबारियों से 30 करोड़ कैश जब्त

## आयकर विभाग का टैक्स चोरी मामले में एक्शन; 6 घंटे से रेड जारी



आगरा। आगरा में आयकर विभाग ने शनिवार को 3 जूता कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा। 5 घंटे से रेड चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 30 करोड़ रुपए कैश बरामद हो चुके हैं। साथ ही कई डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। जिसमें टैक्स चोरी की बात सामने आई है। आयकर विभाग ने इनकम टैक्स हेरफेर मामले में यह कार्रवाई की। फिलहाल, अफसरों ने नोट गिनने की मशीन मंगाई है। दरअसल, आयकर विभाग को सूचना मिली थी कि तीनों कारोबारी टैक्स में हेर-फेर कर रहे हैं। इनपुट के आधार पर दोपहर 3 बजे आयकर के अफसर फोर्स के साथ वीके शूज, मंशु फुटवियर और हरमिलाप फुटवियर के शोरूम पर पहुंचे। शोरूम के कर्मचारियों से बात की। फिर शोरूम को बंद करा दिया। टीमें फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी चेक कर रही हैं। अभी तक 30 करोड़ रुपए कैश बरामद किए जा चुके हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

## 9 राज्यों में 5 दिन तक हीटवेव चलेगी


नई दिल्ली। देश में गर्मी का असर तेज हो गया है। मौसम विभाग ने 5 दिन तक दिल्ली समेत 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों में तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार को इन राज्यों के कई शहरों में तापमान 43 से 46 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के आगरा में पारा 46.9 डिग्री पहुंचा। इसके अलावा ओडिशा, झारखंड, गोवा, असम और त्रिपुरा में आज उमसभरी गर्मी का अनुमान जारी किया गया है। उधर, दक्षिण भारत के राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज से 5 दिन तक तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में भारी बारिश का दौर रहेगा। वहीं, कर्नाटक में दो दिन बाद यानी 20 मई से तेज बारिश की संभावना बनेगी। तमिलनाडु में शुक्रवार को भी तेज बारिश हुई। इससे कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालत बन गए। तमिलनाडु की एसडीआरएफ टीम ने बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। टीम शुक्रवार देर रात ही चेन्नई से तिरुनेलवेली पहुंच गई है। जिले के निचले इलाकों में भारी बारिश से निपटने की तैयारी कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में एक ही परिवार के 5 लोगों का घर में मर्डर

## अलग-अलग कमरों में पड़ी थी खून से लथपथ लाशें; पड़ोसी युवक फांसी पर लटका मिला

एजेंसी

सारंगढ़-भिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ जिले के एक घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की खून से सनी लाश मिली है। वहीं एक लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मामला सलीहा थाना इलाके के थरगांव का है। जहां शनिवार को घर के अलग-अलग कमरे में एक मासूम बच्चा, 3 महिला और एक पुरुष की खून से लथपथ लाश मिली। जानकारी के मुताबिक, वारदात को शुक्रवार की रात को अंजाम दिया गया है। मौके पर हथौड़ा और कुल्हाड़ी भी मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि, पड़ोसी युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते वारदात को अंजाम दिया है। उसने मासूम समेत 5 लोगों को मारने के बाद वहीं फांसी लगाकर खुदकुशी की है।



### पप्पू टेलर का मीरा से था अफेयर

जानकारी के मुताबिक, पप्पू टेलर पड़ोसी था और उसका मीरा के साथ अफेयर चल रहा था। पहले भी अफेयर को लेकर विवाद हुआ था और पप्पू टेलर को जेल भेजा गया था। आशंका जताई जा रही है कि, जेल से छूटने के बाद विवाद और बढ़ा, तो उसने सभी की हत्या कर दी।

बताया जा रहा है कि, मीरा की शादी हो चुकी है और वह भाई की शादी के लिए अपने मायके आई हुई थी। शादी की तैयारी को लेकर भाई बाजार गया हुआ था। इसी दौरान यह वारदात हुई। करीब 6 साल पहले भी युवक ने एकतरफा प्यार के चलते लड़की पर कैंची से हमला किया था।

### मृतकों के नाम

56 साल का हेमलाल
50 साल की पत्नी जगमती
27 साल की बेटी ममता
25 साल की गर्भवती बेटी मीरा
मीरा का 3 साल का बेटा
27 साल का मनोज साहू उर्फ पप्पू टेलर (यह पड़ोसी है, आशंका है पांचों की हत्या के बाद इसने खुदकुशी की)

# पटियाला में गर्ल स्टूडेंट समेत 4 छात्रों की मौत

## सड़क हादसे में गई जान, फाइनल ईयर में पास होने पर पार्टी करने गए थे

पटियाल। राजीव गांधी लॉ यूनिवर्सिटी के चार स्टूडेंट्स की देर रात रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। फाइनल ईयर रिजल्ट में पास होने के बाद यह लोग पार्टी करने के बाद वापिस पटियाला से यूनिवर्सिटी की तरफ लौट रहे थे लेकिन गाड़ी की रफ्तार तेज होने के कारण गाड़ी पेड़ से टकरा गई। एक्सीडेंट में कार के चालक ईशान सूद, विभू, प्रीत उर्फ रीत कौर, कुशागर की मौक पर ही मौत हो गई।

कार ईशान सूद की थी, जिसे वह खुद ही ड्राइव कर रहा था। ईशान पंचकूला हरियाणा का रहने वाला था, विभू चंडीगढ़, कुशागर गुड़गांव दिल्ली और रीत कौर चंडीगढ़ की रहने वाली थी। एक्सीडेंट इतना भयंकर था कि



गाड़ी के दरवाजे तोड़ने के बाद सबकी बॉडी बाहर निकालनी पड़ गई।

### परिवार ने नहीं करवाया पोस्टमॉर्टम

देर रात 2 बजे के करीब हुए इस रोड एक्सीडेंट के बाद शनिवार सुबह परिवार के मेंबर अस्पताल पहुंचे। जहां पर दिन भर परिवार ने आपसी सलाह के बाद दोपहर को बिना पोस्टमार्टम के बॉडीज लेने का फैसला किया। परिवार ने किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई न करवाते हुए डेड बॉडी मांगी। इस पर बख्शीवाला पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद बॉडी परिवार को सौंप दी।

### तेज रफ्तार पर थी दो गाड़ियां

घटना के अनुसार पढ़ाई पूरी करने के बाद पास हुए इन स्टूडेंट्स ने पटियाला में पार्टी रखी थी, जहां से यह सभी चारों एंडेवर गाड़ी में सवार होकर लौट रहे थे। यूनिवर्सिटी हॉस्टल में रहने के बावजूद यह लोग यूनिवर्सिटी से सीधा आगे निकल गए और कुछ दूरी पर जाकर एक्सीडेंट हो गया।

# बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

## कल सुबह गिरफ्तार हुए थे : मेडिकल रिपोर्ट में स्वाति मालीवाल से मारपीट की पुष्टि, चोट के निशान

नई दिल्ली। आप सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम हाउस में मारपीट के आरोपी अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए दोपहर 12: 40 बजे सिविल लाइंस थाने ले आई। पूछताछ के बाद बिभव को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

स्वाति मालीवाल 13 मई को अरविंद केजरीवाल से मिलने सुबह करीब 9 बजे सीएम हाउस पहुंची थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट और बदसलूकी की। उनके कपड़े तक फट



गए थे। स्वाति ने 16 मई को शाम 6:15 बजे दिल्ली पुलिस में एफआईआर करवाई थी।

17 मई को रात 12 बजे के आसपास दिल्ली पुलिस ने एम्स में मालीवाल का मेडिकल करवाया था। शनिवार को रिपोर्ट आई, जिसमें मालीवाल की आंख और पैर में चोट के निशान मिले। रिपोर्ट आने के कुछ घंटे बाद ही दिल्ली पुलिस छ्त्रहाउस पहुंची और बिभव कुमार को अरेस्ट कर लिया।

उधर, घटना के छठे दिन यानी 18 मई को स्वाति मालीवाल का एक और वीडियो सामने आया है। 32 सेकेंड के वीडियो में पुलिसवाले स्वाति मालीवाल को सीएम हाउस से निकालते दिखाई दे रहे हैं।

### 13 मई को सीएम हाउस में क्या हुआ था

स्वाति मालीवाल 13 मई को सुबह 9 बजे सीएम आवास पहुंची थीं। आरोप है कि बिभव ने बदसलूकी और मारपीट की। 3 दिन बाद यानी 16 मई की दोपहर को पुलिस उनके घर पहुंची और बयान दर्ज किया।

इसके बाद स्वाति की शिकायत पर बिभव के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने 16 मई की रात 9: 30 बजे एफआईआर दर्ज की।

# जीएसटी फर्जीवाड़े में 25-25 हजार के तीन इनामी उद्यमी गिरफ्तार

## फर्जी कंपनियां बनाकर 350 करोड़ की धोखाधड़ी , इस मामले में अब तक 47 गिरफ्तारी

नोएडा। 2600 से अधिक फर्जी कंपनी खोलकर भारत सरकार के राजस्व को 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह के तीन कारोबारियों को क्राइम रिस्पॉन्स टीम, एसओजी और सेक्टर-20 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

तीनों आरोपियों पर नोएडा पुलिस ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। तीनों बीते आठ माह से फरार चल रहे थे। इन तीनों ने फर्जी कम्पनियां से 350 करोड़ से अधिक धनराशि का आईटीसी का क्लेम प्राप्त किया गया है। ये पहले डीजीजीआई मेरठ/जयपुर राजस्थान द्वारा जेल भेजा जा चुका है।

इस मामले में नोएडा पुलिस अब तक 47 आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है,जिनमें कई इनामी भी हैं। आठ आरोपी अभी भी पुलिस के निशाने पर हैं। डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि जो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं उनकी पहचान शुभम जिंदल, तरुण जिंदल और ऋषभ जैन के रूप में हुई है। तीनों दिल्ली के रहने वाले हैं। तीनों फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर ठगी कर रहे थे। लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपियों पर नोएडा पुलिस ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

मुठभेड़

## सुकमा में सुबह-सुबह हुई मुठभेड़; शव समेत हथियार बरामद, सर्चिंग पर निकली थी फोर्स

# छत्तीसगढ़ में जवानों ने हार्डकोर नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया

जगदलपुर/सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सुबह डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक हार्डकोर इनामी नक्सली मारा गया है। मौके से जवानों ने नक्सली के शव के साथ हथियार समेत भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सल सामग्री बरामद किया है। मुठभेड़ पोलमपल्ली थाना इलाके के बंजारापारा के जंगल-नाला के बीच हुई।

मारे गए नक्सली की पहचान दुधी हुंगा के रूप में हुई है, जो लंबे समय से नक्सल संगठन से जुड़ा था। इस पर कुल एक लाख दस हजार का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक दुधी



के खिलाफ जिले के अलग-अलग थानों में कुल 16 संगीन मामले दर्ज हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि टेटराई- तोलनाई के जंगल में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर डीआरजी जवानों को शुक्रवार रात ही मौके के लिए रवाना किया गया था। मुठभेड़ स्थल और आस-पास एरिया की सर्चिंग जारी थी, तभी तड़के डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई।

### इन नक्सलियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना

नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना एर्राबोर को कोंटा एरिया कमेटी के इंचार्ज/सचिव वेट्टी मंगडू, एरिया कमांड इन चीप हितेश, मिलिशिया कमांड इन चीप सोढ़ी गजेन्द्र, सोड़ी मंजुला, दुर्रो कोसी, दुधी हूंगा समेत 15-20 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

### घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने की फायरिंग

सूचना मिलने के बाद छ्त्रन्न के जवान अभियान के लिए शुक्रवार रात को ही रवाना हो गए। शनिवार सुबह लगभग साढ़े बजे बंजारापारा के जंगल और नाला के बीच हथियारों से लैस नक्सली पहले से घात लगाए हुए थे। जैसे ही जवान उनके दायरे में पहुंचे, नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

दोनों ओर से लगभग 20-25 मिनट तक फायरिंग चली। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली जंगल-पहाड़ी की आड़ लेकर भाग निकले। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग करने पर 1 नक्सली का शव बरामद किया गया। इसके साथ ही एक भरमार बंदूक, भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सली सामग्री बरामद की गई।

# नोएडा पुलिस और दिल्ली क्राइम ब्रांच ने किया जॉइंट आपरेशन

## 2 बदमाश अरेस्ट, एक को लगी गोली; 70 मुकदमे और 100 से ज्यादा की वारदात

नोएडा। राह चलते महिलाओं से झपट्टा मारकर गले से चेन लूटने वाले भूरा उर्फ नजाकत उर्फ केटीएम को दिल्ली क्राइम ब्रांच और नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है।

वहीं कांबिंग के दौरान उसके साथी हर्ष को अरेस्ट कर लिया। नजाकत पर नोएडा और दिल्ली एनसीआर में 70 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। आज भी ये लूटी गई सोने की चेन सुनार को बेचने जा रहा था।

दरअसल दिल्ली क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि नजाकत अपने साथी के साथ वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सर्विलांस और मुखबिर से जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम केटीएम बाइक का पीछा रही थी।



इस दौरान बदमाश नोएडा में प्रवेश कर गए। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने नोएडा पुलिस से संपर्क किया। बताया गया कि दोनों बदमाश सेक्टर-50 की ओर भाग सकते है। वहीं पर चेकिंग की जाने लगी। इस दौरान एक केटीएम बाइक आते दिखी।

पुलिस को देखकर बाइक सावर सेक्टर-50 खाली प्लाट की तरफ मुड़ गए। नोएडा पुलिस ने करीब 1 किमी तक पीछा किया। इस दौरान बदमाशों की बाइक स्लिप हो गई। नजाकत मौके पर गिर गया और हर्ष भागने लगा।

पुलिस से घिरा देखकर नजाकत ने पुलिस ने फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायर किया। नजाकत के पैर में गोली लगी। वहीं कांबिंग के दौरान हर्ष को भी गिरफ्तार किया गया। इसके दूसरे साथी हर्ष को भी गिरफ्तार किया गया। इसके ऊपर दो मुकदमे है। हर्ष का आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

# भूमाफियाओं से खाली कराई 10 करोड़ की प्रॉपर्टी

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम खेड़ी, सुनपुरा और हैबतपुर में जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने तीनों गांव में करीब 25,000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग के वर्क सर्कल एक और दो की टीम ने शनिवार को इन दोनों गांव की जमीन पर अवैध निर्माण को बुल्डोजर से ढहा दिया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में वर्क सर्कल दो की टीम ने ग्राम खेड़ी के खसरा संख्या-126,127,128,129,138 और सुनपुरा के खसरा संख्या 590, 592, 593, 594 पर लगभग 5000 वर्ग मीटर जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को तोड़कर जमीन मुक्त करा ली है, जिसकी कीमत लगभग 10 करोड़ रुपए आंकी गई है।

इसी तरह वर्क सर्किल एक की टीम ने हैबतपुर के डूब क्षेत्र ( खसरा संख्या 72, 73 और 74 ) की लगभग 20,000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में लगभग 3 घंटे चली।

इस कार्रवाई के लिए पांच जेसीबी और दो डंफरों का इस्तेमाल किया गया। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने चेतावनी दी है कि अनुचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# ग्रेटर नोएडा में मिला रिटायर्ड इंस्पेक्टर का शव



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सर्विस लेन के पास एक बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। बुजुर्ग की पहचान गोपाल प्रसाद के रूप में हुई, जो शुक्रवार की शाम घर से टहलने के लिए निकले थे लेकिन वह वापस नहीं लौटे। पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज की थी लेकिन देर शाम उनका शव गौर सिटी के पास सर्विस रोड के पास पड़ा हुआ मिला।

बिसरख थाना क्षेत्र की निराला ग्रीन एस्पायर सोसायटी में रहने वाले गोपाल प्रसाद (76) गुरुवार शाम को घर से टहलने के लिए निकले, लेकिन वह काफी देर तक वापस नहीं लौटे। उनके परिजनों के द्वारा उन्हें कई सोसायटी में ढूंढा गया, साथ ही अन्य जगहों पर भी उनके बारे में जानकारी जुटाई गई। जब वह रात भर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी ।

पुलिस ने बुजुर्ग की गुमशुदगी दर्ज की और जांच में जुट गई। उसके बाद गोपाल प्रसाद का शव मूर्ति चौराहे से तिगड़ी जाने वाले सर्विस रोड के किनारे पर मिला। इसके बारे में पुलिस को जानकारी दी गई।मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। बुजुर्ग के घर वालों को बुलाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

### याददाश्त थी थोड़ी कमजोर

बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक बिहार पुलिस से सेवानिवृत्ति निरीक्षक थे, जो गुरुवार को घर से टहलने के लिए निकले थे। शुक्रवार को इनके परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने बताया गया था कि उनकी याददाश्त थोड़ी कमजोर है। प्रथम दृश्य हार्ट अटैक से मौत होने के आशंका जताई जा रही है पुलिस के द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नोएडा के फॉर्म हाउस में चल रही थी हुक्का पार्टी

# पुलिस ने दो महिला समेत 13 लोगों को पकड़ा





नोएडा। नोएडा के सेक्टर-135 यमुना डूब क्षेत्र के फॉर्म हाउस में पुलिस को बीयर और हुक्का पार्टी होने की जानकारी मिली। एक्सप्रेस वे पुलिस ने मौके पर छापा मारकर 2 महिला समेत 13 लोगों को हिरासत में लिया। ये लोग यहां बने राज महल फॉर्म हाउस पर पार्टी रहे थे। इनके पास से 05 स्पीकर, 02 स्पीकर स्टैण्ड, 02 डीजे एम्पीफायर, 01 डीजे लाइट, 07 हुक्का अलग-अलग तरह के, 11 डिब्बे तम्बाकू (अलग-अलग प्रकार का नशीला फ्लेवर) और शराब-02 बोतल यूपी मार्का भरी हुई, 06 बोतल दिल्ली और हरियाणा मार्का बरामद हुए हैं।

एक अन्य व्यक्ति राहुल उर्फ विक्की इसी फॉर्म हाउस से फरार है। बताया जा रहा है कि राहुल ही इस पार्टी का आयोजन कर्ता था। बता दें, यहां बने अवैध फॉर्म हाउस में पहले भी इस प्रकार की पार्टी होती थी। जहां छापामार कर पुलिस ने युवक और युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पकड़े गए युवक और युवतियों से पूछताछ कर रही है। एडीसीपी ने बताया कि फॉर्म हाउस के मालिक से पूछताछ में सामने आया कि इस पार्टी की कोई भी अनुमति नहीं ली गई थी।

दरअसल पुलिस को सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म से राज महल फॉर्म हाउस में पार्टी होने की जानकारी मिली। मुखबिर और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस से मामला कन्फर्म होने पर पुलिस ने राज महल फॉर्म हाउस पर छापा मारा। जिस समय छापा मारा गया, यहां हुक्का और शराब का सेवन किया जा रहा था। पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया।

इनका मेडिकल कराया जा रहा है। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि इनकी पहचान अमृत गुप्ता, कुशाल केशवानी, दलजीत सिंह, रवि कुमार, आदित्य आनंद, शुभम सिंह, साहिल मसीह, रवि कुमार, हरि दर्शन सिंह रावत, मनोज कुमार गुप्ता के तौर पर हुई है। इनके साथ 02 महिलाओं को हिरासत में लिया गया है।

### पोस्टर हुआ था वायरल, इसी के बाद छापेमारी

यहां होने वाली पार्टी का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें पार्टी का नाम मुजरा बताया गया। इसके अलावा एंट्री फीस की दो श्रेणी पहली 5000 और दूसरी 3000 रखी गई थी। ये पोस्टर वायरल होने के बाद ही पुलिस ने सेक्टर-135 स्थित फार्म हाउस पर छापा मारा। जिसके बाद वहां से गिरफ्तारी की गई।

# नोएडा में टूटेंगी अवैध ऊंची इमारतें, बरौला से शुरुआत करेगा प्राधिकरण

नोएडा में अवैध रूप से बनी ऊंची इमारतों को तोड़ने के लिए नोएडा प्राधिकरण अब निजी एजेंसी की मदद लेगा। इन इमारतों को तोड़ने की शुरुआत बरौला गांव से की जाएगी। इसके लिए एक एजेंसी का चयन भी कर लिया गया है। अवैध ऊंची इमारतों को तोड़ने के लिए प्राधिकरण के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। ऐसे में प्राधिकरण संबंधित इमारतों पर अवैध बिल्डिंग लिखकर या सीलिंग कर लौट आता है। ऊंची इमारतों को प्राधिकरण की जेसीबी से तोड़ा जाना संभव नहीं है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने निजी एजेंसी की मदद लेने का निर्णय लिया है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इमारतों को तोड़कर निकलने वाले मलबे को बेचकर एजेंसी अपना खर्च निकालेगी और प्राधिकरण को भी रुपये देगी। इसकी शुरुआत सेक्टर-49 बरौला की 10 इमारतों से होने जा रही है। इसके लिए प्राधिकरण ने टेंडर कर बीआर चावला नाम की एजेंसी का चयन किया है। इसका बॉन्ड भी तैयार हो गया है।

यह टेंडर प्राधिकरण के वर्क सर्किल-3 की तरफ से किया गया था। अधिकारियों का कहना है कि एजेंसी के पास मशीनें होंगी, जो आस-पड़ोस की इमारतों को बिना नुकसान पहुंचाए और बगैर खतरे के आसानी व तेजी के साथ तोड़ सकेंगी। अब पुलिस बल की मांग की गई है। दूसरी तरफ इमारतों को स्वयं ध्वस्तीकरण के लिए अंतिम नोटिस भी जारी किया गया है। पुलिस मिलते ही निजी एजेंसी से इन इमारतों को तोड़ने की शुरुआत की जाएगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि बरौला की जो 10 इमारतें तोड़ने के लिए चिन्हित हुई हैं, उनमें से कई नाले के किनारे हैं। इसके साथ ही अवैध इमारतें भी हैं। बात अगर इनकी जमीन की करें तो राजस्व रिकॉर्ड में दो खसरा नंबर पर हैं। नियमों को ताक पर रखकर यहां इमारतें खड़ी कर दी गईं। यह पूरा एरिया वर्क सर्कल-3 के क्षेत्र में आता है। कई मंजिल की ये इमारतें एक दिन में नहीं बनी हैं। धीरे-धीरे निर्माण होता रहा। प्राधिकरण के जिम्मेदार आंख बंद कर बैठे रहे। अब जब निर्माण तोड़ना चुनौती बन गया है तो एजेंसी का चयन किया गया है।

### अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी

नोएडा विकास प्राधिकरण अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। रोजाना शहर के अलग-अलग हिस्सों में तोड़फोड़ कर सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई जा रही है। बन चुकी ऊंची इमारतों को तोड़ने की कार्रवाई में रुकावट आ रही थी। इसके लिए प्राधिकरण ने यह नई योजना तैयार की है। इसके तहत अब कार्रवाई की जाएगी।

### मुकदमा दर्ज कराने में लापरवाही

प्राधिकरण की टीम 28 अप्रैल 2024 को पहली बार कार्रवाई के लिए हाजीपुर, सलारपुर और बरौला गांव पहुंची थी। इस कार्रवाई की अगुवाई ओएसडी कर रहे थे। उस दिन महज आठ दुकानें तोड़ी गईं। कुछ जगह कब्जा करने वाले चिह्नित किए गए। उस दिन दावा किया गया कि जल्द संबंधित लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। खास बात यह है कि इस घटनाक्रम को हुए करीब 20 दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

### अवैध बिल्डिंग लिखे बोर्ड पर पेंट करवाया

भूमाफिया की हिम्मत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्राधिकरण जिन इमारतों पर अवैध बिल्डिंग लिखवा रहा है, उन्हीं को वह पुतवा दे रहे हैं।

बरौला में कार के शोरूम सहित आधा दर्जन इमारतों पर पिछले दिनों नोएडा प्राधिकरण ने अवैध बिल्डिंग लिखवाया था, लेकिन अब वहां पेंट करवा दिया गया है।

# शहर में नहीं पहुंच रहा गंगाजल, आईआईटी की टीम करेगी जांच

ग्रेटर नोएडा। गंगाजल की आपूर्ति में आए दिन समस्या को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने आईआईटी की टीम को जिम्मेदारी सौंपी है।

यह टीम न सिर्फ समस्या का पता लगाएगी बल्कि उसे दूर कैसे किया जा सकेगा, इसका भी निराकरण खोजेगी। इसके बाद प्राधिकरण उसी दिशा में काम आगे बढ़ाएगा।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर के 40 सेक्टरों में गंगाजल आपूर्ति शुरू कराई थी और इस परियोजना का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब डेढ़ साल पहले किया था। सर्दियों में तो गंगाजल की ले-देकर आपूर्ति हो गई थी, लेकिन पिछली गर्मियों से लेकर अभी तक लगातार गंगाजल की आपूर्ति में व्यवधान आते रहे हैं और एक भी दिन सही तरीके से निवासियों को गंगाजल नहीं मिल पाया है।

आए दिन पाइप लाइन फटने के कारण गंदा पानी पीना पड़ रहा है। शहर में लगातार हो रही इस समस्या को लेकर प्राधिकरण ने पिछले साल भी कुछ प्रयास किए थे, लेकिन उनका खास लाभ नहीं हो पाया और इस बार गर्मी शुरू होने के बाद से गंगाजल आपूर्ति की स्थिति खराब हो गई। इस बार शासन ने मामले का संज्ञान लिया और जांच कराने के लिए प्राधिकरण को निर्देश दिए। सीईओ रवि कुमार एनजी ने गंगाजल आपूर्ति को लेकर आईआईटी की टीम को इस समस्या और समाधान तलाशने के निर्देश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 10 साल पहले गंगाजल पहुंचाने के लिए पाइप लाइन डाली गई थी, लेकिन कई साल तक काम पूरा न होने के कारण यह पाइप खराब हो चुकी है और प्रेशर आते ही फट जाती है। जबकि कुछ जानकार अधिकारियों का कहना है कि उक्त पाइप लाइन में गुणवत्ता वाले पाइप नहीं डाले गए हैं।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने हटवाया अवैध कब्जा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध कब्जे को प्राधिकरण के द्वारा लगातार ध्वस्त किया जा रहा है। प्राधिकरण के द्वारा लगातार बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम खेड़ी, सुनपुरा व हैबतपुर में जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ सर्कल एक और दो की टीम ने कार्रवाई की। प्राधिकरण ने दोनों गांव में करीब 25000 वर्ग मीटर जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

परियोजना विभाग के वर्क सर्कल एक और दो की टीम ने शनिवार को इन दोनों गांव की जमीन पर अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया।

### 10 करोड़ आंकी गई कीमत

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में वर्क सर्कल दो की टीम ने ग्राम खेड़ी के खसरा संख्या-126,127,128,129,138 व सुनपुरा के खसरा संख्या 590, 592, 593, 594 पर लगभग 5000 वर्ग मीटर जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को तोड़कर जमीन मुक्त करा ली है, जिसकी कीमत लगभग 10 करोड़ रुपए आंकी गई है।

इसी तरह वर्क सर्किल एक की टीम ने हैबतपुर के डूब क्षेत्र ( खसरा संख्या 72, 73 व 74 ) की लगभग 20,000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

# श्री-राधा-स्काई-गार्डन सोसायटी के निवासियों ने किया प्रदर्शन

## बिल्डर पर धोखा देने का लगाया आरोप, कहा- बहुत सारी समस्याओं का अम्बार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में सैकड़ों निवासियों ने जमकर प्रदर्शन किया। लगातार दूसरे सप्ताह भी चिलचिलाती धूप एवं कड़ी दोपहर में बिल्डर द्वारा मूलभूत सुविधाओं को पूरा ना करने के खिलाफ मोर्चा खोला और जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।




सोसाइटी के लोगों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर जमकर नारेबाजी की।सोसाइटी के निवासियों ने बताया कि श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है ,जिसकी मांग एवं शिकायत निवासी पिछले करीब 5-6 साल से करते आ रहे हैं लेकिन श्री ग्रुप बिल्डर ने आज तक ना तो मूलभूत सुविधाओं एवं जानमाल से संबंधित पेंडिंग प्रोजेक्ट के काम को पूरा करने के लिए कोई काम नहीं किया और ना ही कोई इरादा दिखाया। उन्होंने कहा कि आज करीब 8-10 सालों से सोसाइटी चल रही है, बावजूद इसके ना तो सोसायटी में फायर फाइटिंग इक्विपमेंट्स है, पूरे बेसमेंट में सीपेज एवं लीकेज है, जिससे सोसायटी के टावर कमजोर होते जा रहे हैं, ना ही स्विमिंग पूल चालू है और ना ही क्लब हाउस पूरा बनाया है।

सिक्योरिटी एवं हाउसकीपिंग स्टाफ भी आधा कर दिया है । फ्लैट मालिकों को फ्लैट खरीदने के बाद एनओसी मिलने के बाद भी offer of possession की तारीख से कैम चार्ज का नाजायज बकाया डिमांड चार्ज किए जा रहे हैं, जबकि निवासियों का कहना है कि कैम चार्ज फ्लैट हैंडओवर की तारीख से होना चाहिए, उसके पहले से नहीं लेकिन फिर भी बिल्डर की लूट चालू है और भी बहुत सारी समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है।

### मूलभूत सुविधाओं को पूरा ना करने के खिलाफ खोला मोर्चा

आज श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में सैकड़ों निवासियों ने लगातार दूसरे सप्ताह भी बिल्डर की नाजायज लूट एवं मूलभूत सुविधाओं को पूरा ना करने के खिलाफ मोर्चा खोला।

जिसमें पहले रेजिडेंट बिल्डर के हाई ग्रीन्स कंपनी वाले मेंटेनेंस ऑफिस में पहुंचे जहां पर सभी जिम्मेदार अधिकारी नदारद थे और बिल्डर के द्वारा आज की मीटिंग के लिए एक बहुत ही साधारण से 1-2 रिसेप्शन पर बैठने वाले एग्जीक्यूटिव एम्प्लॉई को हमारी मांगो एवं दर्द को सुनने के लिए आगे कर दिया।

जब भी निवासीगण बिल्डर के किसी जिम्मेदार व्यक्ति, अधिकारी या फिर डायरेक्टर्स से मिलने की कोशिश करते है तो निवासियों को या तो निराशा हाथ लगती है या फिर किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिलता है, वो किसी भी हाल में कोई भी ना तो काम पूरा करने का अधिकार रखता है और ना ही उसके पास कोई निर्णय लेने की क्षमता एवं अधिकार होता है ।

# शार्ट न्यूज

### होटल की चौथी मंजिल पर लगी आग

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-104 स्थित एक होटल में आग लग गई। आग होटल के चौथे फ्लोर पर लगी थी। इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। मौके पर 10 दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया। लेकिन एक ही दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस आग में एक लड़का एक लड़की फंस गए थे। जिनको रेस्क्यू करके बाहर निकाला गया। धुआं ज्यादा होने से उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-104 में ए बैंकट होटल में शाम करीब 5 बजकर 35 मिनट पर आग लगने की जानकारी कंट्रोल रूम से अग्निशमन विभाग को मिली। उन्होंने बताया कि गाड़ियों को रवाना किया गया। यहां आकर देखा तो आग चौथे मंजिल पर लगी थी। जिसके एक लड़का और लड़की फंसे थे। इन दोनों को आग बुझाते हुए बाहर निकाला गया। करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। वहीं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### बीच सड़क पर चलती कार में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र के चिरंजीव विहार के सामने हापुड रोड पर चलती हुए कार में आग लग गई। आग बेहद भीषण थी और कुछ पलों में ही आग की तेज लपटों ने पूरी गाड़ी को घेर लिया। दोनों तरफ से ट्रैफिक चल रहा था इसी दौरान कार में ब्लास्ट भी हुआ जिसको लेकर हड़कंप मचा। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन कोतवाली को जानकारी मिली के थाना कविनगर के चिरंजीव विहार के सामने हापुड रोड पर कार में आग लग गई है। इस सूचना पर जिला न्यायालय में ड्यूटी पर तैनात दमकल कर्मी और फायर टैंकर को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने देखा की गाड़ी से आग की लपेट काफी तेज निकल रही थी। आग पूरी तरीके से फैल चुकी थी। दमकल कर्मियों ने तुरंत हौज पाइप लाइन फैला कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। इस दौरान दोनों तरफ से ट्रैफिक चल रहा था। जिस दौरान कार में आग लगी उसके बाद ब्लास्ट भी हुआ। जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। कार महिंद्रा कंपनी की केयूवी थी जो डीजल से चलती है। गाड़ी मालिक का नाम परवेज आलम था गाड़ी गाजियाबाद से हापुड़ की तरफ जा रही थी।

### आंखों के कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा के लिए चाइल्ड पीजीआई में शुरू हुआ इलाज

नोएडा। पांच साल से कम उम्र के छोटे बच्चों की आंखों में रेटिना के ऊपर अगर सफेद चमक दिखाई दे। ऐसे में अलर्ट हो जाएं। यह आंखों के कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा की शुरुआत हो सकती है। बच्चों की आंख बचाते हुए बेहतर जिंदगी देने के लिए नोएडा का चाइल्ड पीजीआई इस बीमारी में इलाज दे रहा है। इसके लिए तीन विभाग मिलकर बच्चों का उपचार करेंगे। चाइल्ड पीजीआई के हेमेटोलॉली आंकोलॉजी की विभागध्यक्ष डॉ. नीता राधाकृष्णन ने बताया कि इस बीमारी के लिए अभी जागरूकता बढ़ाए जाने की जरूरत है। यही वजह है कि इलाज की सुविधा होने के बाद भी बहुत कम पीड़ितत बच्चों की शुरुआती स्टेज में पहचान हो पा रही है। रेटिनोब्लास्टोमा वीक के जरिए हम आफ्थेल्मोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिशियन के अलावा परिजनों को भी जागरूक करने का काम कर रहे हैं। ताकि शुरुआती चरण में ही बच्चे में रोग का पता चलने पर उसे सही ट्रीटमेंट देकर उसकी देखने की क्षमता को सुरक्षित किया जा सके। हमें यह समझना होगा कि आंखों का यह कैंसर बहुत तेजी से फैलता है। समय पर अगर इलाज नहीं मिले तो यह ब्रेन तक पहुंच सकता है।

### सीयूईटी यूजी 2024 की परीक्षाएं 21 मई से

नई दिल्ली। स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए इतिहास, राजनीतिक विज्ञान और समाजशास्त्र की पेन-पेपर आधारित परीक्षा के साथ शनिवार को सीयूईटी यूजी 2024 की पहला चरण पूरा हो गया। सीयूईटी यूजी 2024 परीक्षा के दूसरे चरण में 21 मई से 24 मई के बीच कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित होगी। खास बात यह है कि एनटीए ने चार दिन में 15 शिफ्ट में 15 मुख्य विषयों की पेन-पेपर आधारित परीक्षा में रिकॉर्ड 13.48 लाख छात्रों में से 87.09 फीसदी को कवर कर लिया है। अगले चरण में लैंग्वेज, टूरिज्म, कंप्यूटर साइंस, लीगल स्ट्डीज समेत 15 विषयों की परीक्षा में अब महज 13 फीसदी बचे छात्र ही परीक्षा में बैठेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने बताया कि सीयूईटी यूजी 2024 के तहत शनिवार को तीन विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में 83 फीसदी छात्र उपस्थित रहे हैं। यह आंकड़ा पिछले तीन दिनों में सबसे अधिक है। इस प्रकार चार दिन की परीक्षा में 15 शिफ्ट में 15 मुख्य विषयों में कुल 13.48 लाख छात्रों से 87.09 फीसदी छात्रों ने परीक्षा दे दी है। अब अगली पांच दिन की परीक्षा में सिर्फ 13 फीसदी बचे हुए छात्र ही परीक्षा में बैठेंगे।

### गाजियाबाद में 4 हथियार तस्कर गिरफ्तार



गाजियाबाद। गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच ने चार हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। हैरानी की बात ये है कि आरोपियों में दिल्ली यूनिवर्सिटी से मास कॉम किए हुए हैं। वही हिस्ट्रीशीटर और जिला बदर भी शामिल है। आरोपी दूसरे राज्यों से हथियार लाकर आगे सप्लाई किया करते थे। इनके कब्जे से चार पिस्तौल और 6 तमंचे क्राइम ब्रांच ने बरामद किए हैं। एडीसीपी क्राइम ब्रांच गाजियाबाद सच्चिदानंद ने बताया कि अवैध असलहा की खरीद फरोख्त करने वाले चार अभियुक्तों को गाजियाबाद क्राइम ब्रांच पुलिस ने मुरादनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके कब्जे से 04 अवैध पिस्टल और 6 तमंचे तथा घटना में इस्तेमाल स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। इनके तीन साथी अभी फरार है। जिनमे इस गैंग का मुखिया भी शामिल है। गिरफ्तार बदमाश अनस अल्वी, अनस गाजी मुरादनगर के , गाजियाबाद टीला मोड़ का आरिफ , तथा ईनाम है। आरिफ के उपर 18 संगीन मुकदमे है। गिरफ्तार अनस ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से मास कम्युनिकेशन किया है। उनकी मुलाकात मेरठ के अमन उर्फ अनु से हुई जो बिहार और मध्य प्रदेश से तस्करी कर पिस्टल सप्लाई का काम करते था। ये गिरोह 32 हजार में पिस्टल लेकर आगे 45 हजार रुपए में , तथा 2200 रुपए में तमंचा खरीद कर 4500 रुपए में बेचते थे।

### विधायक, उनके पति समेत 8 पर एफआईआर

मोदीनगर। गाजियाबाद के मोदीनगर में 270 वर्ग मीटर के प्लॉट का फर्जी तरीके से बैनामा करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर बीजेपी विधायक डॉ.मंजू शिवाच, उनके पति सहित आठ के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट मोदीनगर थाने में दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला मेरठ के थाना बह्मपुरी की नूरनगर कालोनी निवासी पंकज कुमार द्वारा दी गई याचिका में बताया गया कि मोदीनगर की गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी प्रमोद कुमार जैन व रामचंद्र जैन से 2016 में श्याम वाटिका में खसरा नम्बर 609 में 270 वर्गमीटर का प्लॉट खरीदा था। इसके बाद इस प्लॉट का प्रॉपटी डीलर हाजी वासिद के जरिए मोदीनगर की बैंक कॉलोनी निवासी विधायक डॉ. मंजू शिवाच व उनके पति डॉ.देवेन्द्र शिवाच से सौदा हो गया। उन्होंने पंकज को दस लाख रुपए बैंक के माध्यम से भुगतान कर दिया और बाकी रकम बैनामा के समय देने की बात तय हुई। आरोप है कि एक फर्जी मुख्यतारानामा तैयार कर 2022 में प्लॉट का बैनामा कर लिया गया। जब इसकी जानकारी हुई तो मोदीनगर थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। फिर गाजियाबाद कोर्ट में याचिका डाली गई। कोर्ट ने मोदीनगर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए।

# चेन्नई एक्सप्रेस को बेपटरी कर बेंगलुरु बना रॉयल, प्लेऑफ में पहुंचा




बेंगलुरु। सांस रोक देने वाले मुकाबले में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को 27 रन से हरा कर प्लेऑफ में शान के साथ प्रवेश कर लिया।

चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 219 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई एक समय प्लेऑफ में क्वालीफाई करने के लिये जरुरी 200 रन के लक्ष्य के करीब थी और आखिरी ओवर महेंद्र सिंह धोनी (25) और रविंद्र जडेजा (42 नाबाद) को सिर्फ 17 रन बनाने थे। ऐसे में बेंगलुरु के कप्तान फॉफ डुप्लेसी ने गेंद यश दयाल को थमाई जिसकी पहली गेंद पर धोनी ने जोरदार छक्का लगा कर मैदान में मौजूद बेंगलुरु के प्रशंसकों को क्रास फिंगर करने में मजबूर कर दिया था और ऊपर वाले ने उनकी प्रार्थना सुन ली जब अगली ही गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाने के प्रयास में धोनी स्वनिल सिंह को कैच थमा बैठे और मैच का पासा पलट गया।

आखिरी की चार गेंदों में चेन्नई को प्लेऑफ में पहुंचने के लिये 11 रन चाहिये थे मगर उन्होने कमाल की गेंदबाजी कर सिर्फ एक रन ही दिया और अपनी टीम एवं मैदान पर बैठे 33 हजार दर्शकों को खिलखिलाने का मौका दे दिया।

यहां दिलचस्प है कि एक समय टूर्नामेंट से लगभग बाहर निकल चुकी आरसीबी ने अपने आखिरी के छह मैच लगातार जीत कर प्लेऑफ में पहुंचने का इतिहास रचा है। टीम को यहां तक पहुंचाने में विराट कोहली और कप्तान डुप्लेसी की भूमिका अहम रही है।

आरसीबी ने पहले खेलते हुये पांच विकेट पर 218 रन बनाये थे जिसके जवाब में सीएसके सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी। रचिन रविंद्र (61) ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक योगदान दिया मगर वे दुर्भाग्यशाली तरीके से रन आउट हुये। आंजिक्य रहाणे (22) ने भी अपनी टीम को जीत की दहलीज पर ले जाने का भरसक प्रयास किया। शिवम दुबे (7) का प्रदर्शन आज भी निराशाजनक रहा। वे न सिर्फ रविंद्र को रन आउट कराने के कसूरवार बने बल्कि आठ डाट गेंदे भी खेली।

इससे पहले विराट कोहली (47) और फॉफ डुप्लेसिस (54) की अच्छी शुरुआत के बाद रजत पाटीदार (41) और कैमरुन ग्रीन (38 नाबाद) की तेज तर्राक पारियों की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पांच विकेट पर 218 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया।

टूर्नामेंट के प्लेऑफ में पहुंचने की निर्णायक लड़ाई में आरसीबी का लक्ष्य जीत के साथ सीएसके को 200 रन के भीतर रोकना था वरना नेट रन रेट के हिसाब से वह प्लेऑफ में प्रवेश नहीं कर सकती थी वहीं चेन्नई अगर 17 रन से कम रन से हारती तो वह प्लेऑफ में पहुंच जाती थी।

टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने सधी शुरुआत की। विराट और डुप्लेसिस ने लगभग आठ रन प्रति ओवर की गति से रन बटोरे। दोनो बल्लेबाज मिचेल सेंटनर का शिकार बने। विराट को सेंटनर ने लांग आन पर डेरिल मिचेल के हाथों कैच कराया वहीं डुप्लेसिस को रन आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। बाद में रजत पाटीदार ने 23 गेंदो में दो चौके और चार छक्के लगाकर रन गति को दिशा दिखायी जिसमें कैमरन ग्रीन ने भरपूर साथ दिया। उन्होने अपनी 17 गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाये।

दिनेश कार्तिक (14) और ग्लेन मैक्सवेल (16) रन गति बढाने के प्रयास में शार्दुल और तुषार देशपांडे का शिकार बने।

## पाकिस्तानबौनेपन से निपटने के लिए पहल शुरू करेगा

इस्लामाबाद। पकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों के बौनेपन की चुनौती पर काबू पाने के लिए प्रांतीय सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में यह जानकारी दी गयी। शरीफ ने शुक्रवार को यहां एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बच्चों की सर्वोत्तम वृद्धि और विकास पाकिस्तान के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और बौनेपन को रोकने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाने के सख्त जरुरत है। बयान में कहा गया है कि बैठक में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी के साथ-साथ दूषित पानी के उपयोग के कारण देश में बड़ी संख्या में बच्चों के विकास अवरुद्ध होने से खतरा पैदा हो गया है। शरीफ ने संबंधित अधिकारियों को इन मुद्दों के समाधान के लिए तुरंत एक व्यापक राष्ट्रीय योजना पेश करने का भी निर्देश दिया। पिछले साल की विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के पांच वर्ष से कम उम्र के 40 प्रतिशत से अधिक बच्चे अविकसित हैं, जबकि दक्षिण एशियाई की औसत 31 प्रतिशत है। रिपोर्ट के मुताबिक, मस्तिष्क के विकास का शारीरिक विकास से सबसे गहरा संबंध है और इसका बच्चे पर दीर्घकालिक मानसिक और शारीरिक प्रभाव पड़ सकता है, जिससे वे पूर्ण रूप से जीवन जीने की क्षमता से वंचित रह सकते हैं।

## रूस ने चीन को सौंपा विध्वंसक गतिविधियां चलाने वाले विदेशी संगठनों का ब्यौरा

मास्को। रूस की संसद के निचले सदन ड्यूमा के विदेशी दखलंदाज़ी की जांच के लिए गठित आयोग ने कुछ विदेशी संगठनों द्वारा रूस एवं चीन के खिलाफ विध्वंसक गतिविधियां चलाये जाने को लेकर हाल ही में एक डॉज़ियर चीन की सरकार को सौंपा है। आयोग के वासिली पिस्कारेव ने शनिवार को सोशल मीडिया पर प्रकाशित एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बयान में कहा, हमने हाल ही में रूस और चीन से संबंधित विदेशी संगठनों की विध्वंसक गतिविधियों पर सामग्री चीनी पक्ष को हस्तांतरित की है। उल्लेखनीय है कि यह खबर ऐसे समय आयी है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन चीन की यात्रा से लौटे हैं और वहां उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ 'असाधारण, गहन एवं सार्थक' बातचीत हुई है। पिस्कारेव ने कहा कि आयोग निकट भविष्य में 'नई चुनौतियों और खतरों' तथा रूस और चीन पर बढ़ते बाहरी दबाव के कारण संप्रभुता की रक्षा करने के लिए और चीनी भागीदारों के साथ विदेशी हस्तक्षेप के विरुद्ध विधायी प्रतिकार करने के लिए अपनी अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान जारी रखने की योजना बना रहा है।

## अमेरिका में तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो सकता है



वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जतायी है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा, जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है। हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और ना ही महंगाई बढ़ती। उल्लखनीय है वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव पांच नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से श्री ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लडेंगे।

# अमेरिका में ट्रम्प समर्थक को 30 साल की जेल

### पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी के पति को हथोड़े से मारा था; वकील बोला- वह मानसिक रूप से बीमार था



अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी के पति पॉल पेलोसी पर अक्टूबर 2022 में ट्रम्प समर्थक ने जानलेवा हमला किया था। इस मामले में कैलिफोर्निया की कोर्ट ने शुक्रवार (17 मई) को हमला करने वाले शख्स डेविड डीपापे को 30 साल की सजा सुनाई है।

पॉल पेलोसी पर ये हमला उनके सैन फ्रांसिस्को वाले घर में रात 2 बजे हुआ था। हमलावर ने हथौड़े से पॉल के सिर पर वार कर दिया था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इसके बाद 82 साल के पॉल को अस्पताल ले जाया गया। उनके सिर और हाथ में गंभीर चोट आई थी, जिसके चलते उनका स्कल फ्रैक्चर हो गया था।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद नवंबर 2023 में डीपापे को दोषी माना था। इसके बाद पॉल पेलोसी के वकील ने जूरी से डेविड को 40 साल सजा देने की मांग की थी। डेविड (44) के वकील ने कोर्ट में बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार था। वह कुछ पॉलिटिकल पार्टी की स्पीच से प्रभावित हो गया था। इस वजह से कोर्ट को उसे सिर्फ 14 साल की सजा देनी चाहिए। हालांकि, जज जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने सारी दलीलें खारिज कर दी।

### नैंसी पर हमला करने घर में घुसा था डेविड

जज ने डेविड को किडनैपिंग के मामले में 20 साल और हमले के लिए 30 साल की सजा सुनाई। किडनैपिंग और हमले की सजा एक साथ चलेगी, इससे डेविड को 30 सालों तक जेल में रहेगा पड़ेगा। कोर्ट ने कहा कि वह 18 महीने की सजा पूरी कर चुका है इसलिए उसकी सजा से ये दिन घटा दिए जाएंगे।

डेविड ने कोर्ट में बताया था कि उसे नैंसी पेलोसी पर हमला करना था। इसके लिए उसने पहले से योजना बनाई थी कि वह यूनिकॉर्न ड्रेस (इस तरह की ड्रेस से चोट कम लगती है) पहनेगा और फिर हमला करते समय नैंसी पेलोसी की आवाज को रिकॉर्ड कर उसे ऑनलाइन अपलोड कर देगा पर हमले के वक्त नैंसी वहां मौजूद नहीं थी। इस वजह से उसने पेलोसी के पति पर हमला कर दिया।

### नैंसी पेलोसी क्यों मारना चाहता था डेविड

डेविड डीपापे का मानना था की नैंसी उन लोगों में शामिल थी, जिन्होंने 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प को चुनाव में धांधली कर हराने की साजिश रची थी। ट्रम्प ने इस दौरान भड़काने वाले बयान दिए थे, जिससे डेविड प्रभावित हो गया।

इसके बाद उसने नैंसी पेलोसी को मारने की साजिश रचने का सोचा। इसके अलावा उन्होंने संसद में ट्रंप की स्पीच फाड़ दी थी। वह दो साल से इसकी प्लानिंग कर रहा था। वो घर के पीछे वाले दरवाजे से अंदर घुसा। उसे नैंसी कहां है चिल्लाते हुए सुना गया था। हमलावर और पॉल के बीच हाथापाई भी हुई थी।

### हार के बावजूद ट्रम्प ने हार नहीं कबूली थी...

3 नवंबर 2020 को राष्ट्रपति चुनाव हुआ। बाइडेन को 306 और ट्रम्प को 232 वोट मिले। सब कुछ साफ था। इसके बावजूद ट्रम्प ने हार नहीं कबूली। उनका आरोप था कि वोटिंग और काउंटिंग में बड़े पैमाने पर धांधली हुई। ट्रम्प ने कई राज्यों में केस दर्ज कराए। ज्यादातर में ट्रम्प समर्थकों की अपील खारिज हो गई।

दो मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने भी याचिकाएं खारिज कर दीं। ट्रम्प इशारों में हिंसा की धमकी देते रहे। 6 जनवरी 2021 को नए राष्ट्रपति जो बाइडेन की जीत पर आखिरी मुहर लगनी थी। इसके लिए अमेरिकी संसद का सत्र चल रहा था। यहां वोटों की गिनती होनी थी।

## वेटिकन सिटी में चमत्कारों पर नई गाइडलाइन

### पोप जिस दैवीय घटना को मान्यता देंगे, उसे ही चमत्कारी माना जाएगा



वेटिकन सिटी में दैवीय आभास से जुड़े धोखाधड़ी और झूठ पर लगाम लगाने के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसके तहत सिर्फ उन्हीं आभासों को मान्यता दी जाएगी, जिन्हें कैथोलिक चर्च के हेड पोप खुद सुपरनैचुरल (चमत्कारी) मानेंगे।

गाइडलाइन्स के मुताबिक, चर्च के पादरी सबसे पहले सभी दावों की जांच करेंगे। इस दौरान वे दावों को खारिज भी कर सकते हैं। साथ ही वे किसी चमत्कारी वस्तु या जगह की पूजा करने पर भी रोक लगा सकते हैं।

पादरी इस बात की भी जांच करेंगे कि कहीं दैवीय आभास का दावा पैसे कमाने के लिए न किया जा रहा हो। इसके बाद सबूतों और जांच की डिटेल्स को पोप तक पहुंचाया जाएगा। फिर पोप तय करेंगे कि घटना वास्तव में चमत्कारी थी या नहीं।

### वर्जिन मैरी-येशू की प्रतिमाओं से आंसू निकलने का दावा

दरअसल, कैथोलिक भक्त सदियों से वर्जिन मैरी और येशु की प्रतिमा से आंसू निकलने, किसी एक जगह पर चमत्कारी तरह से बीमारियों के ठीक होने जैसे दावे करते आए हैं। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, आमतौर पर इन आभासों को वैटिकन देश में लोगों के बीच कैथोलिक चर्च में बढ़ते विश्वास के तौर पर देखा जाता है।

हालांकि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से ऐसे दावों के जरिए धोखाधड़ी की आशंका बढ़ गई है। दैवीय आभासों को लेकर वेटिकन सिटी में 1978 में कानून बनाया गया था, जिसमें अब बदलाव किया गया है। दुनियाभर में कई सदियों से ऐसा दैवीय आभासों के दावे होते रहे हैं। इनमें से जो घटनाएं सच साबित होती हैं, उसका साक्षी बनने के लिए पूरी दुनिया से तीर्थयात्री और पादरी उस जगह पर पहुंचते हैं।

## अफगानिस्तान में बम का गोला फटने से दो बच्चों की मौत

मजार-ए-शरीफ। उत्तरी अफगानिस्तान के बल्ख प्रांत में एक विस्फोटक गोले के फटने से दो बच्चों की मौत की पुष्टि हुई है और अन्य एक घायल हो गया है। प्रांतीय पुलिस के एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना प्रांत के बल्ख जिले में उस हुई जब शुक्रवार दोपहर को बच्चों को खेलते समय एक गोला मिला और बच्चे बॉल समझ कर उससे खेलने लगे। इसी दौरान गोला फट गया, जिससे दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी और अन्य एक घायल हो गया। बयान के अनुसार यह गोला उस समय रह गया था जब देश में 2020 में तालिबान ने दोबारा से अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया।

# हार्दिक पंड्या की हूटिंग का असर मुबंई के प्रदर्शन पर पड़ा : बाउचर




मुबंई । मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने स्वीकार किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हार्दिक पंड्या के खिलाफ मैदान पर लगातार हूटिंग का असर टीम पर पड़ा है।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शुक्रवार रात 18 रनों की हार के साथ मुबंई का आईपीएल के मौजूदा सत्र में निराशाजनक सफर खत्म हुआ। इस हार से टीम सबसे निचली पायदान पर आ गयी।

गौरतलब है कि गुजरात टाइटंस की कप्तान छोड़ कर मुबंई इंडियंस में शामिल हुये हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा के स्थान पर टीम का कप्तान बनाया गया था। टीम प्रबंधन के इस फैसले से मुबंई के फैंस खासे नाराज दिखे और मुबंई के लगभग सभी मैचों में पंड्या को दर्शकों के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ा। बाउचर ने कहा, फ़ैंस की नाराजगी टीम के लिये कड़ुआ अनुभव था। मुझे हार्दिक के लिए काफ़ी बुरा लग रहा था। इस तरह के अनुभव से गुजरना कहीं से भी आसान नहीं होता है। टीम में कई ऐसी चीज़ें हैं, जिनके बारे में हमें चर्चा करनी होगी। हालांकि अभी तुरंत उन चीज़ों पर चर्चा करना सही नहीं है। अभी टीम का हर सदस्य काफ़ी भावुक और निराश है। इसी कारण से हम अभी कोई फ़ैसला नहीं लेने वाले हैं। सबसे पहले हमें यह मूल्यांकन करना है कि हमने कहां ग़लती की। उन्होने कहा कि इस सीज़न में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं था, लेकिन उम्मीद है कि टीम प्रबंधन अगले सीज़न से पहले कुछ अच्छे फ़ैसले करेगा।

इस सीज़न में बहुत सारी ऐसी चीज़ें हो रही थीं, जिनका हिस्सा बनना कहीं से भी अच्छा अनुभव नहीं था। कुछ चीज़ें पहले किसी खिलाड़ी को प्रभावित करती हैं और फिर टीम को भी प्रभावित करती है। इस संदर्भ में हमें विचार करने की ज़रूरत है और उम्मीद है कि आगे कुछ अच्छे फ़ैसले किए जाएंगे ताकि मैदान के बाहर की चीज़ों पर भी ध्यान दिया जा सके।

## हार्दिक पंड्या एक मैच के लिये निलंबित

मुबंई 18 मई (वार्ता) मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवर गति के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। अब वह अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के ख़िलाफ़ उनकी टीम समय पर अपने ओवर ख़त्म नहीं कर पाई थी। एमआई के लिए यह मैच आईपीएल के मौजूदा सत्र का आख़िरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीज़न का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीज़न के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीज़न में यह तीसरी बार था जब एमआई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रहा। परिणामस्वरूप एक मैच के प्रतिबंध के अलावा हार्दिक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## भारत पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल करने के लिए मैदान में उतरेगा

नई दिल्ली। परवीन हुडा के निलंबन के बाद भारत महिला मुक्केबाजी में 57 किग्रा में पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेगा।

हुडा को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) द्वारा ठिकाने की विफलता के लिए निलंबित कर दिया गया था। हुडा ने पिछले साल एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर शुरुआत में भारत के लिए कोटा हासिल किया था।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शनिवार को कहा कि उन्होंने हुडा द्वारा जीते गए कोटा स्थान को अस्वीकार कर दिया है, जिससे भारत को अगले सप्ताह बैंकॉक में आगामी विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति मिल जाएगी। हालाँकि, 11 अप्रैल से पहले रिजर्व के रूप में पंजीकृत मुक्केबाज ही भाग लेने के पात्र हैं, जिससे भारत 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में दावेदारों तक ही सीमित रह गया है।

एंटी-डोपिंग एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट सिस्टम को अपने ठिकाने की सटीक और लगातार रिपोर्ट करने में विफलता के कारण, हुडा का निलंबन पिछले साल सितंबर से शुरू होकर जुलाई 2025 तक 22 महीने तक चला। आईटीए के अनुसार, शुरुआत में निलंबन 24 महीने के लिए प्रस्तावित किया गया था, लेकिन समीक्षा के बाद इसे दो महीने कम कर दिया गया। परवीन के कानूनी सलाहकार विदुषपत सिंघानिया ने बताया कि एडम्स प्लेटफॉर्म को संचालित करने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी की कमी के कारण विफलता हुई।इस झटके के बावजूद, भारत ने पेरिस 2024 के लिए पहले ही तीन मुक्केबाजी कोटा हासिल कर लिया है, जिसमें टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (महिला 75 किग्रा), दो बार की विश्व चैंपियन निकहत ज़रीन (महिला 50 किग्रा) और प्रीति पवार (महिला 54 किग्रा) ने स्थान अर्जित किया है।

## शार्ट न्यूज

### दो दिनी बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हंस स्पोर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ हो गया। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों में राज्य के विभिन्न हिस्सों से 250 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया । उद्घाटन मैच आर ए एन स्कूल के तेजस जोशी व अनस रस्तोगी देहरादून के बीच खेला गया जिसमें तेजस जोशी 12/15, 10/15 से विजयी रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। है खेल से शरीर स्वस्थ और मन स्थिर रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। साथ ही खेल हमें अनुशासित बनाता है। वर्तमान समय में खेलों में भी कैरियर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। इस मौके पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हंस स्पोर्ट्स के अमन अरोडा एवं रेखा अरोडा भी उपस्थित रहे। संचालन पूर्व अतंरराष्ट्रीय खिलाड़ी शरद जोशी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, ऊधम सिंह नगर देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी मौर्य के अलावा अनेक खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### आकाश-पोयमंती की जोड़ी ने जीता डब्ल्यूटीटी खिताब

नेवसेहिर (तुर्किये)। भारत के टीटी खिलाड़ी आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने शुक्रवार को तुर्किये के नेवसेहिर में डब्ल्यूटीटी फीडर कप्पाडोसिया 2024 में मिश्रित युगल का खिताब जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में हमवतन अनिर्बान घोष और स्वास्तिका घोष को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (12-10, 3-11, 8-11, 11-8, 12-10) के स्कोर से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में पाल और बैस्या ने यूक्रेन के एंड्री ग्रेबेनियुक और दिमित्रेंको को 3-0 (11-8, 11-4, 11-6) से हराया था। गौरतलब है कि पाल और बैस्या का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी खिताब था। भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी ने मार्च में बेरूत में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर अपने सीनियर हमवतन साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को चौंका दिया था। इसके अलावा दुनिया की 338वें नंबर की खिलाड़ी क्रित्विका रॉय को सेमीफाइनल में जापान की दुनिया की 85वें नंबर की सत्सुकी ओडो से 3-0 (11-2, 11-6, 11-4) से हार मिली। रॉय ने राउंड ऑफ 16 में चीनी ताइपे के 55वीं रैंकिंग वाले एलआई यू-झुन को हराया था।

### फीफा अंडर-17 विश्व कप क्वालीफायर में जाम्बिया ने युगांडा को हराया

कंपाला। जाम्बिया ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में युगांडा को 2-1 से हरा दिया। सेंट मैरीज़ स्टेडियम, किटेन्डे में शुक्रवार को पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, मेजबान युगांडा ने दूसरे हाफ में दबाव बनाया और सिल्विया काबेने ने 73वें मिनट में गोल किया। युगांडा टीन क्रेन्स ने और अधिक गोल करने की कोशिश की, लेकिन असफल रही और क्वालीफायर से बाहर हो गई। ज़ाम्बिया के कोच कैरोल कान्येम्बा ने मेजबान टीम के दबाव को झेलने के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की। कान्येम्बा ने कहा, मुझे खुशी है कि हमने चौथे दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हमें कड़ी मेहनत करते रहने की जरूरत है क्योंकि हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए भूखे हैं। ज़ाम्बिया के कप्तान ज़ांगोज़ ज़ुलु ने भी स्पष्ट किया कि उन्होंने युगांडा से आगे निकलने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत की है। ज़ुलू ने कहा, मैं घर पर मौजूद सभी लोगों को प्रार्थनाओं के लिए और अपने सभी साथियों को कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। युगांडा के कोच शर्ली बोट्स ने स्वीकार किया कि हालांकि उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन वे उन्हें भुनाने में नाकाम रहे।


### चिराग-रंकीरेड्डी की जोड़ी अंतिम चार में

बैंकॉक। चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की भारतीय जोड़ी शुक्रवार देर रात यहां निमिबुत्र स्टेडियम में शानदार जीत के बाद थाईलैंड ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। विश्व में तीसरे स्थान पर काबिज चिराग और सात्विक ने क्वार्टर फाइनल मैच में केवल 38 मिनट के खेल में मलेशिया के आरिफ जुनैदी और याप रॉय किंग को 21-7, 21-14 से हरा दिया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2019 में बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता जीती थी। भारतीय जोड़ी शनिवार को सेमीफाइनल में गैर वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई जोड़ी मिंग चे लू और तांग काई वेई से भिड़ेगी। उधर, महिला युगल क्वार्टर फाइनल में, चौथी वरीयता प्राप्त भारत की तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने ली यू लिम और शिन सेउंग चान की छठी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई जोड़ी पर जीत हासिल की। यह मैच 76 मिनट तक चला , जिसमें क्रैस्टो और पोनप्पा 21-15, 21-23, 21-19 के स्कोर के साथ विजयी रही। भारतीय महिला युगल टीम को शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व में दसवें स्थान की थाई जोड़ी, जोंगकोल्फान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई के खिलाफ एक चुनौतीपूर्ण सेमीफाइनल का सामना करना पड़ेगा।क्रैस्टो और पोनप्पा वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर हैं।

### टिकटॉक, डीओजे ने अदालत से जबरन विनिवेश पर छह दिसंबर तक निर्णय जारी करने का आग्रह किया

वाशिंगटन। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) और टिकटॉक ने एक संघीय अदालत से छह दिसंबर तक सोशल मीडिया कंपनी के जबरन विनिवेश पर निर्णय जारी करने का आग्रह किया है। अदालती दस्तावेजों से यह जानकारी प्राप्त हुई है। अदालत के दस्तावेज़ में शुक्रवार को कहा गया यह सुनिश्चित करने के लिए कि यदि आवश्यक हो तो सर्वोच्च न्यायालय से आपातकालीन राहत का अनुरोध करने के लिए अधिनियम के निषेधों के प्रभावी होने से पहले पर्याप्त समय है, कंपनी सम्मानपूर्वक न्यायालय से छह दिसंबर, 2024 तक इन कार्यों की योग्यता पर अपना निर्णय जारी करने के लिए आग्रह करती हैं। टिकटॉक और उसकी मूल कंपनी बाइटडांस ने पिछले हफ्ते अमेरिकी संघीय अदालत में एक याचिका दायर कर एक नए अमेरिकी कानून को पलटने का आग्रह किया था कि अगर बाइटडांस नौ महीने के भीतर अपना अमेरिकी कारोबार नहीं बेचता है तो उनके आवेदन पर प्रतिबंध लगा दिया जाए, लेकिन कानून अमेरिकी राष्ट्रपति को समय सीमा एक वर्ष तक बढ़ाने की अनुमति देता है।

### किर्गिस्तान में भारतीय-पाकिस्तानी छात्रों से मारपीट



किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में देर रात को भारतीय और पाकिस्तानी छात्रों से मारपीट की गई। स्थानीय छात्रोंउन हॉस्टल्स में घुस गए जहां भारतीय, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी छात्र रह रहे थे। किर्गिस्तान की मीडिया वेबसाइट 24.KG के मुताबिक हिंसा में 29 छात्र घायल हैं। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों से हॉस्टल से बाहर निकलने को मना किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि वे पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दूतावास ने 24म7 इमरजेंसी नंबर 0555710041 जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बिश्केक में 13 मई को मिस्त्र और किर्गिज छात्रों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद स्थानीय किर्गिज छात्रों ने भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेशी छात्रों को निशाने पर ले लिया। दरअसल, भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में छात्र किर्गिस्तान में मेडिकल की पढ़ाई करने जाते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमलों पर चिंता जताई। उन्होंने पाकिस्तान के राजदूत से छात्रों को जरूरी मदद देने के निर्देश दिए हैं। हालात को देखते हुए पाकिस्तानी दूतावास ने भी छात्रों को अपने कमरों में रहने की सलाह दी है। सोशल मीडिया पर दावे किए जा रहे हैं कि हिंसा में 3 पाकिस्तानी छात्रों की मौत हुई और कई से रेप किया गया।

# शक्कर में उठाव, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मजबूत, दालों में उछाल, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा। खाद्य तेलों में तेजी बताई गई। आज सोयाबीन रिफाइंड तेल महंगा होकर बिका। तिलहन में पूछपरख रही। दलहनों में भाव मजबूती लिए बताए गए। वहीं दालों में एकतरफा उछाल देखा गया। चावल में लिवाली से मजबूती दर्ज की गई।

### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा। शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से स्थिर रहा। खोपरा बूरा तथा साबूदाना में उठाव साधारण बताया गया।

### तेल-तिलहन


खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। सोयाबीन रिफाइंड महंगा होकर बिका। आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार के आसार है। तिलहनों में कामकाज बढ़त लिए रहा। इससे सरसों ऊंची बिकी।

### दाल-दलहन

संयोगितागंज अनाज मंडी में आज चना, मसूर तथा मूंग 100 से 200 रुपये महंगी बिका। दालों में मांग के चलते भाव ऊंचे रहे। तुअर दाल, मूंग दाल में जोरदार तेजी बताई गई। चावल में कारोबारी गतिविधियां मजबूती लिए रही।

### किराना

शक्कर 3980 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2400 से 4500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 220 से 285 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6900, पैकिंग में 7200 से 7300 रुपये प्रति क्विंटल।



### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5200 से 5800, सोयाबीन 4500 से 4550 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1510 से 1520, सोयाबीन रिफाइंड 930 से 935, साल्वेंट 880 से 885, पाम तेल 950 से 955 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 6650 से 6700, चना विशाल 6500 से 6550, मसूर 6150 से 6200, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11600 से 12000, तुअर (कर्नाटक) 11500 से 12100, मूंग 8400 से 8500, मूंग हल्की 7000 से 7500, उड़द 9000 से 9300, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 8450 से 8950, तुअर दाल सवा नंबर 15600 से 15700, तुअर दाल फूल 16300 से 16400, तुअर दाल बोल्ड 17200 से 17300, आयातित तुअर दाल 14600 से 14700, मसूर दाल 7150 से 7450, मूंग दाल 10400 से 10700, मूंग मोगर 11100 से 11400, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 12000 से 12400 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1660, मैदा 1530, आटा 1520, चना बेसन 4450 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# कपास की कीमतों में गिरावट का दौर जारी

## भाव बढ़ने की आस में किसान बेचने से कर रहे परहेज

मुंबई। दो महीने से कपास की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। दूसरी ओर, किसानों को ऐसा लग रहा है कि इस वर्ष कम उत्पादन के कारण कपास की कीमतों तेजी अवश्य आएगी। किसानों के इसी अनुमान की वजह से मौजूदा समय में मंडियों में कपास की आवक भी घट रही है।

कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) के आंकड़ों के अनुसार कॉटन (कपास शंकर 6) की कीमतों में पिछले दो महीनों से लगभग 8 प्रतिशत की गिरावट आई है। कपास की कीमतें गिरकर 16,057 रुपये प्रति क्विंटल हो गई हैं। जबकि दो महीने पहले 15 मार्च 2024 को इसी कपास के लिए 17,434 रुपये प्रति क्विंटल की बोली लग रही थी। वहीं, एक साल पहले शंकर 6 किस्म के कपास का भाव 16,759 रुपये प्रति क्विंटल था।

जानकारों के अनुसार यदि कपास के भाव में गिरावट इसी तरह जारी रही तो इससे किसानों को मुश्किल हो सकती है। चाहे वे इसे स्टोर करें या बेच दें पर उनको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। महाराष्ट्र की अधिकतर मंडियों में कपास का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ज्यादा है उसके बावजूद किसान और अधिक दाम मिलने की आस में बैठे हैं। इससे मंडियों में कपास की आवक घट रही है।



कॉटन एसोसिएशन के नए अनुमान के मुताबिक अक्टूबर-मार्च के दौरान कॉटन निर्यात 137 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख गांठ पहुंच गया था। जबकि पिछले साल की समान अवधि में निर्यात 7.59 लाख गांठ का रहा था। सीएआई के नए अनुमान के अनुसार आने वाले समय में कपास की आवक में और कमी रहने की आशंका है क्योंकि साल 2023-24 में 323.1 लाख गांठ के उत्पादन में से लगभग 280.6 लाख गांठ की आवक हो चुकी है।

वायदा बाजार में भी कॉटन के भाव में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। एसएमसी कमोडिटी रिसर्च के अनुसार फिलहाल एमसीएक्स पर कपास 56,000-57,500 प्रति कैंडी (355 किलोग्राम की एक कैंडी होती है) के भाव कारोबार करता दिख रहा है। दूसरी ओर, कॉटन (अप्रैल 2025) वायदा की कीमतें 1,530-1,580 के दायरे में कारोबार रहने की आशंका है।

महाराष्ट्र की मंडियों में कॉटन के भाव में लगातार गिरावट जारी है। हालांकि इस साल कपास के कम उत्पादन के अनुमान को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इसकी कीमतें 2021 और 2022 की तरह 9,000 से 12,000 रुपये प्रति क्विंटल तक जा सकती हैं।

### कपास की कीमतों पर क्या है वैश्विक अनुमान?

एक अगस्त से शुरू होने वाले 2024-25 सीजन में ब्राजील और तुर्की के साथ अमेरिका में कॉटन की फसल अधिक होने की उम्मीद से वैश्विक कॉटन की कीमतें घट रही हैं। फिच सॉल्युशन रिसर्च एजेंसी बीएमआई का कहना है कि वैश्विक कॉटन बाजार में मंदी की भावना काफी हद तक 2024-25 में उत्पादन में सुधार विशेषकर अमेरिका में अधिक उत्पादन की उम्मीद के कारण है।

वहीं, अमेरिकी कृषि विभाग यूएसडीए के अनुसार 2024-25 सीजन में अमेरिका में कॉटन का उत्पादन बढ़कर 160 लाख गांठ (204.9 गांठ 170) किलोग्राम होने का अनुमान है। अगले सीजन में वैश्विक उत्पाद 11.90 करोड़ अमेरिकी गांठ (217.72 किलोग्राम) होने का अनुमान है।

यूएसडीए को उम्मीद है कि अमेरिका, ब्राजील और तुर्की में कपास की अच्छी फसल चीन और भारत में कम फसल की भरपाई कर देगी। अमेरिका में अच्छी फसल के कारण इस साल फरवरी से कपास की कीमंते घट रही हैं। इस वजह से भारत में भी कपास की कीमतों पर असर पड़ा है। ऑल इंडिया कॉटन ब्रोकर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रामानुज दास का कहना है कि भाव 57,500 से 59,000 प्रति कैंडी की रेंज में स्थिर रह सकता है।

# खाद्य पदार्थों में कीटनाशक का इस्तेमाल रोकने में एफएसएसएआई विफल

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक पदार्थों के उपयोग पर चिंता व्यक्त करने वाली याचिका पर केंद्र और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जवाब मांगा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस संबंध में पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और एफएसएसएआई को नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत पर्यावरणविद् और वकील आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्राथमिक कारण बन गया है।

याचिका में कहा गया है कि खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग/अति उपयोग, कृत्रिम रंग, दालों, खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं की कोटिंग और वैक्सिंग के कारण देश भर में बड़ी संख्या में मौतें हो रही हैं।



याचिका में कहा गया है कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्राथमिक और प्रमुख कारण बन गया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता शेनॉय ने शीर्ष अदालत से कहा कि याचिकाकर्ता ने देशभर से आंकड़े एकत्र किए हैं जो कीटनाशकों के कारण होने वाली मौतों की बहुत बड़ी संख्या दिखाते हैं।

उन्होंने कहा, कीटनाशकों पर अंकुश लगाने और उन्हें नियंत्रित करने तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एफएसएसएआई पूरी तरह विफल रहा है।

शेनॉय ने शीर्ष अदालत को बताया, कीटनाशकों और कैंसर के बीच सीधा वैज्ञानिक और चिकित्सकीय संबंध है और ऐसे मामले देश भर में बढ़ रहे हैं।

# विशेष ट्रेडिंग सेशन के दोनों सत्रों में सपाट कारोबार

नई दिल्ली। शनिवार के विशेष कारोबारी सत्र के दौरान शेयर बाजार में हरियाली नजर आई, हालांकि विशेष कारोबारी सत्र के दोनों ट्रेडिंग सेशन में सपाट ढंग से कारोबार होता दिखा। वैश्विक बाजारों के अनुरूप भारतीय शेयर बाजार में शनिवार को सकारात्मक ढंग से कारोबार होता दिखा और बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर बंद हुए। शनिवार विशेष कारोबारी सेशन के पहले सत्र में सेंसेक्स 74,000 के स्तर के ऊपर और निफ्टी 22,500 के स्तर को पार कर खुला और हल्की गिरावट के साथ सपाट बंद हुआ। दूसरे सत्र में भी बाजार में सपाट ढंग से कारोबार होता दिखा।

विशेष कारोबारी सत्र के बाद शनिवार को सेंसेक्स 42.60 (0.05 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 73,959.63 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 35.91 (0.16 प्रतिशत) अंक चढ़कर 22,502.00 के स्तर पर बंद हुआ।

शनिवार को बाजार में वॉल्यूम कम रही क्योंकि इस सत्र का आयोजन किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारी के लिए किया गया। यह एक विशेष ट्रेडिंग सत्र रहा। सत्र को दो भागों में विभाजित किया गया था पहला सत्र सुबह 09:15 से 10 बजे तक और 11: 45 पूर्वाह्न से दोपहर 12ः40 बजे तक चला।

शेयर बाजार शनिवार को हुई क्लोजिंग के बाद अब मंगलवार को खुलेंगे। सोमवार (20 मई 2024) को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की वोटिंग के तहत मुंबई में मतदान होने हैं, इस कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे।

# दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का निधन

नई दिल्ली । वित्तीय समूह आईसीआईसीआई की नींव रखने वाले दिग्गज बैंकर नारायणन वाघुल का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। वह गंभीर हालत में चेन्नई के अपोलो अस्पताल में पिछले दो दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उनके परिवार के सदस्य ने मीडिया को बताया कि गिरने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वे बेहोश थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा हैं। नारायणन वाघुल ने भारतीय स्टेट बैंक में अपना करियर शुरू किया था। वे महज 44 साल की उम्र में एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बैंक ऑफ इंडिया के सबसे कम उम्र के चेयरमैन बने। हालांकि उन्होंने नौकरशाहों के हस्तक्षेप से नाराज होकर बैंकिंग छोड़ दी थी। राजीव गांधी की सरकार के दौरान उन्हें आईसीआईसीआई बैंक का प्रमुख बनने के लिए कहा गया था।

# सेबी के पास दाखिल अपना आईपीओ मसौदा वापस लेगा ओयो

नई दिल्ली। सॉफ्टबैंक समर्थित ओयो अपने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के लिए सेबी को अपना मसौदा फिर से दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार कंपनी ने सेबी के पास आईपीओ के लिए दाखिल अपना वर्तमान मसौदा या डीआरएचपी वापस लेने का आवेदन दिया है।

सूत्रों के अनुसार वैश्विक ट्रैवल टेक कंपनी ओयो डॉलर बॉन्ड की बिक्री के जरिए 450 मिलियन अमरीकी डॉलर जुटाने की योजनाओं को अंतिम रूप देने के करीब है। एक सूत्र ने कहा कि जेपी मॉर्गन डॉलर बॉन्ड की बिक्री के माध्यम से 9 से 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की अनुमानित ब्याज दर पर पुनर्वित्त हासिल करने की प्रक्रिया में लीड बैंकर की भूमिका निभाएगा। पुनर्वित्त की तैयारी कर रहे ओयो ने बाजार नियामक सेबी को दिए गए अपने वर्तमान ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) को वापस लेने का अपना आवेदन दायर कर दिया है। कंपनी ने बताया है कि वह बॉन्ड जारी करने के बाद संशोधित डीआरएचपी फाइल करना चाहती है।



ओयो की मूल कंपनी ओरावेल स्टेज लिमिटेड ने नवंबर में पुनर्खरीद प्रक्रिया के जरिए 1,620 करोड़ रुपये के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चुकाया था।

इस बायबैक में 66 करोड़ डॉलर के टर्म लोन बी की 30 प्रतिशत की पुनर्खरीद शामिल थी। इस कदम से कंपनी की बकाया ऋृण राशि घटकर लगभग 45 करोड़ डॉलर डालर रह गई। कंपनी की आईपीओ योजना से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई कहा, पुनर्वित्तपोषण से ओयो के वित्तीय ब्योरे में महत्वपूर्ण बदलाव होगा। मौजूदा नियमों के अनुसार, इसे नियामक को दी गई अपनी फाइलिंग में संशोधन करने की आवश्यकता होगी। इस कारण कंपनी ने पूर्व में सेबी के पास दाखिल अपनी डीआरएचपी वापस लेने का आवेदन दिया है।

# नीति आयोग के प्रमुख ने की सीमा शुल्क नियमों में सुधार की वकालत

**विजन 2047 एक समग्र रिपोर्ट है, जिसे 10 क्षेत्रों के सचिवों के समूह से मिली जानकारों के आधार पर तैयार किया गया है। इसमें मौजूदा और भविष्य की जरूरतों को शामिल किया गया है, जिनकी अगले 23 साल में जरूरत है। इसकी कवायद कैबिनेट सचिव ने दिसंबर 2021 में शुरू की थी।**

नीति आयोग के मुख्य कार्याधिकारी और पूर्व वाणिज्य सचिव बीवीआर सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को भारत की शुल्क नीति में सुधारों की अपील की।

उन्होंने शुल्क कम करने के साथ प्रक्रियाओं को आसान बनाने की वकालत की है, जिससे कि इसे अर्थपूर्ण तरीके से वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में शामिल किया जा सके।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सालाना कारोबारी सम्मेलन में उन्होंने कहा, 'भारत किसी भी महत्त्वपूर्ण तरीके से वैश्विक मूल्य श्रृंखला का हिस्सा नहीं है। जीवीसी में शामिल होने का मतलब तमाम चीजों में बुनियादी बदलाव है।

इसका मतलब कम शुल्क और कम प्रक्रियाएं हैं। चीजें सुचारु रूप से और बाधारहित तरीके से सीमाओं के पार पहुंचनी चाहिए। हम पिछली स्थिति देखें तो हम अपने प्रदर्शन से खुश होंगे।

लेकिन अगर हम दाएं-बाएं देखें तो पाएंगे कि अभी प्रदर्शन बहुत बेहतर किया जा सकता है।' सुब्रमण्यम ने वाहनों के पुर्जों का उदाहरण दिया, जिनकी वैश्विक मूल्य श्रृंखला में हिस्सेदारी महज 2 फीसदी है।

यह उन सुधारों में शामिल है, जो विकसित होने की आकांक्षा और मध्य आय वर्ग वाला देश बनने की यात्रा में वक्त की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि नीति आयोग इनमें से कई सुधारों पर काम कर रहा है। नीति आयोग विजन 2047 दस्तावेज के लिए नोडल एजेंसी है।

विजन 2047 एक समग्र रिपोर्ट है, जिसे 10 क्षेत्रों के सचिवों के समूह से मिली जानकारों के आधार पर तैयार किया गया है।

इसमें मौजूदा और भविष्य की जरूरतों को शामिल किया गया है, जिनकी अगले 23 साल में जरूरत है। इसकी कवायद कैबिनेट सचिव ने दिसंबर 2021 में शुरू की थी।

उसके बाद ग्रामीण व कृषि, बुनियादी ढांचा, संसाधन, सामाजिक दृष्टिकोण, लोककल्याण, वित्त और अर्थव्यवस्था, वाणिज्य एवं उद्योग, तकनीक, प्रशासन,सुरक्षा और विदेश मामलों पर क्षेत्रवार 10 समूहों का गठन किया गया।

सुब्रमण्यम ने 2023 में नीति आयोग द्वारा निर्यात तैयारी सूचकांक की शुरुआत किए जाने के दौरान भी सुधार की जरूरत के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था, 'भारत के कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा उन उत्पादों का है, जिनकी वैश्विक कारोबार में हिस्सेदारी करीब 30 फीसदी है।

इसका मतलब यह है कि भारत गलत क्षेत्र में है। हम ऐसी चीजों का निर्यात नहीं करते, जिसका व्यापक तौर वैश्विक निर्यात होता है।

इसका मतलब यह है कि हमारे ऊपर बढ़ने की संभावना बहुत सीमित है, क्योंकि कारोबार में शामिल 70 फीसदी वस्तुओं में हमारी मौजूदगी ही नहीं है।'

मुख्य कार्याधिकारी ने कहा कि गैर शुल्क बाधाएं जैसे यूरोप के सीबीएएम को विकासशील देशों की राह में व्यवधान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अगर आप किसी खास इलाके में उत्पाद बेचना चाहते हैं तो आपको उस जगह के मानक पूरे करने होंगे। मुझे नहीं लगता कि इन व्यवधानों से व्यापार घटेगा, क्योंकि वे नियम विदेशी के साथ स्थानीय लोगों पर बराबर से लागू होते हैं।'

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अब यह महसूस करने का दौर है कि एनटीबी व्यवधान नहीं हैं।

श्रम, पर्यावरण व अन्य मसले समाज का हिस्सा हैं और अगर समाज वास्तव में कोई शर्त रखता है तो उद्योग को उससे तालमेल बिठाना होगा।

यह एकमात्र तरीका है, जिससे हम प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं।' सुब्रमण्यम ने कहा कि मानकों में खामी का मसला ही नहीं आएगा, अगर भारत के मानक वैश्विक मानकों के अनुरूप होंगे और आगे चलकर वाहनों के उत्सर्जन, इलेक्ट्रॉनिक वाहन आदि के अपने मानक भी तय किए जा सकते हैं।

# रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की एचके टोल का कर्ज हुआ एनपीए, बैंकों का फंसा पैसा

सार्वजनिक क्षेत्र के कई बड़े बैंकों ने एचके टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित ऋृणों को जनवरी-मार्च तिमाही में गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) करार दे दिया है। एचके टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (आर-इन्फ्रा) की विशेष उद्देश्य इकाई है। इस वर्ष जनवरी में एक्विटे रेटिंग्स ने एचके टॉल को बैंकों से मिले 510.39 करोड़ रुपये के कर्ज की दीर्घ अवधि की रेटिंग 'बी' से घटाकर 'डी' कर दी थी। इस रेटिंग एजेंसी ने 15.61 करोड़ रुपये के ऋृणों की दीर्घ अवधि की रेटिंग भी 'बी' से घटाकर 'सी' कर दी थी। एक्विटे ने कहा कि कंपनी बैंकों को सावधि ऋृणों का मूलधन नहीं चुका पाई। एक्विटे रेटिंग्स ने कहा, 'ब्याज चुकाने में देर नहीं हुई है मगर कंपनी के पास पर्याप्त रकम नहीं होने के कारण मूलधन नहीं चुकाया गया है।' आर-इन्फ्रा ने 2010 में एसपीवी के तौर पर एचके टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया था जिसका मकसद तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर होसुर-कृष्णागिरी के बीच 59.87 किलोमीटर सड़क चौड़ी करना और उसे मजबूत बनाना था। एनएच-7 के इस हिस्से को डिजाइन-बिल्ड-फाइनैंस-ऑपरेट-ट्रांसफर (डीबीएफओटी) मॉडल पर मौजूदा 4 लेन से बढ़ाकर 6 लेन का किया जाना था। एचके टोल पर आर-इन्फ्रा का पूर्ण नियंत्रण है। एनएच-7 का यह हिस्सा स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना का हिस्सा है जो बेंगलूरु और चेन्नई को जोड़ती है। कर्ज को एनपीए की श्रेणी में डालने की बैंकों की कार्रवी पर कंपनी की प्रतिक्रिया जानने के लिए उसे ई-मेल भेजा गया। लेकिन खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया था। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (एनएचडीपी) का हिस्सा थी। एनएचडीपी का विकास राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कर रहा है।

# शार्ट न्यूज

## भारत में मैन्युफैक्चरिंग की रफ्तार और ग्लोबल वैल्यू चेन में हिस्सेदारी बढ़ाने की जरूरत

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश में विनिर्माण क्षेत्र को रफ्तार देने की जरूरत बताई है। उन्होंने आज कहा कि वैश्विक मूल्य श्रृंखला में हिस्सेदारी बढ़ानी है और सरकार की नीतियों का सहारा लेकर आत्मनिर्भर बनना है तो देश को अपने विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार और क्षमता भी बढ़ानी होगी। सीतारमण ने कहा, 'कुछ अर्थशास्त्रियों की सलाह है कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए लेकिन मैं इसका एकदम उलटा सोचती हूं। मेरा जोर इसी बात पर है कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए।' भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशा ?स्त्रियों ने हाल ही में कहा था कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान देना चाहिए। उनका कहना है कि देश ने सेवा क्षेत्र में मौका गंवा दिया है। भारतीय उद्योग परिसंघ के सालाना बिज़नेस सम्मेलन में सीतारमण ने कहा कि विकास के कार्यक्रमों में सरकार निजी क्षेत्र को बतौर भागीदार देख रही है और मानती है कि देश को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाने में इस क्षेत्र को बड़ी भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा, 'हम निजी क्षेत्र की बहुत बड़ी भूमिका देखते हैं और चाहते हैं कि विकास में वे सरकार के साथ साझेदारी करें। सरकार इसमें सुविधा प्रदान करने वाले पक्ष की भूमिका निभा रही है।

## भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है : पानगड़िया

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पानगड़िया ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले वर्षों में भी अगर इसी तरह की वृद्धि दर बनी रही तो भारत 2026-27 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। हालांकि अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष2027-28 में यह उपलब्धि हासिल करने की उम्मीद अधिक है। पानगड़िया ने कहा, 'हम वास्तविक रूप से डॉलर के संदर्भ में बीते 20 वर्षों के दौरान करीब 8 फीसदी की दर से बढ़े हैं। हमने इस बीच वैश्विक आर्थिक संकट और कोविड महामारी का सामना किया। हम वास्तव में जो आजकल जो कुछ देख रहे हैं, उसे बीते दो दशकों में हासिल किया गया है।' पानगड़िया ने सीआईआई के सालाना कारोबार सम्मेलन में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी की स्थिति को लगभग खत्म कर दिया है। लेकिन भारत के कृषि श्रमबल को अब औद्योगिक और सेवा क्षेत्र की तरफ मोड़ने की जरूरत है। पानगड़िया ने जोर देकर कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए श्रम कानूनों में सुधार और बाजार को श्रम साध्य उद्योगों में पूंजी लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि भारत की 45 फीसदी आबादी अब भी कृषि कार्य से जुड़ी हुई है जिसका जीडीपी में योगदान केवल 15 फीसदी है। पानगड़िया ने कहा, 'कृषि में औसत श्रम उत्पादकता अर्थव्यवस्था की औसत उत्पादकता की एक तिहाई है।'

## 20 मई को बंद रहेगा शेयर बाजार

मुंबई। लोकसभा चुनाव के चलते सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेगा। ह्रस्थ ने कहा कि मुंबई में 20 मई को लोकसभा इलेक्शन के लिए वोटिंग होनी है। ऐसे में इस दिन शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के सेक्शन 25 के तहत चुनावों में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह फैसला लिया गया है। इलेक्शन कमिशन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव पांच फेज में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई और 20 मई को होंगे। स्टॉक एक्सचेंज ह्रस्थ और BSE ने 8 अप्रैल को मुंबई में 20 मई को वोटिंग के चलते शेयर बाजार की छुट्टी का ऐलान किया था। NSE ने सर्कुलर में कहा था कि सोमवार, 20 मई 2024 को मुंबई में संसदीय चुनावों के कारण ट्रेडिंग हॉलिडे रहेगा। सर्कुलर के मुताबिक, इस दिन इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और सिक्योरिटीज लेंडिंग और बॉरोइंग सेगमेंट में भी कोई कारोबार नहीं होगा। 20 मई को धुले, डिंडोरी, नासिक, भिवंडी, कल्याण, ठाणे, मुंबई नॉर्थ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई साउथ, मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल और पालघर लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं वोटों की काउंटिंग की तारीख 4 जून 2024 तय की गई है।वहीं शेयर बाजार में शनिवार (18 मई) को छुट्टी के दिन भी कारोबार हुआ। आज बाजार में मामूली तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 88 अंक की बढ़त के साथ 74,005 पर बंद हुआ।

## स्पाइसजेट के शेयर में 5 प्रतिशत की तेजी रही

मुंबई। दिल्ली हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद आज स्पाइसजेट के शेयर में करीब 5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिल रही है। शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग में शेयर 4.90 प्रतिशत की तेजी के साथ 62.67 के स्तर पर बंद हुआ। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बीते दिन 17 मई को हाईकोर्ट ने उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें कलानिधि मारन को 579 करोड़ ब्याज के साथ लौटाने का स्पाइसजेट और उसके मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह को निर्देश दिया गया था। यह फैसला नकदी की कमी से जूझ रही एयरलाइन के लिए राहत लेकर आया है। इसी का असर आज एयरलाइन के शेयर में देखने को मिला। कलानिधि मारन और स्पाइसजेट प्रोमोटर अजय सिंह के बीच एग्रीमेंट के चलते 2015 में विवाद शुरू हुआ था। एग्रीमेंट के तहत, सन नेटवर्क और काल एयरवेज के मालिक कलानिधि मारन ने स्पाइसजेट से 58.46त्न हिस्सेदारी अजय सिंह को ट्रांसफर की थी। इसके तहत मारन और काल एयरवेज को वॉरंट और प्रेफरेंस शेयर मिलने वाले थे, जो उनको कभी मिले ही नहीं। इसके बाद 2018 में आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल ने मारन के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसके तहत मारन को ब्याज सहित ?579 करोड़ मिलने थे। स्पाइसजेट को इस मामले के तहत ?329 करोड़ की बैंक गारंटी और ?250 करोड़ कैश के तहत देने का निर्देश दिया गया था। इस लिहाज से 30 महीने में 12 प्रतिशत ब्याज के आधार पर स्पाइसजेट को 308 करोड़ देने थे।



# कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर का पक्का इलाज है ये फल

**क्लीवलैंड क्लिनिक की डाइटीशियन जूलिया जम्पानो ने बताया है कि अनार में न सिर्फ कम कैलोरी होती है बल्कि विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर यह फल कई रोगों का इलाज कर सकता है। इसका रस पीने से हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, कैंसर और दिल से जुड़े रोगों से बचने में मदद मिल सकती है।**

धरती पर विभिन्न तरह के फल पाए जाते हैं और हर फल के अपने अलग-अलग फायदे हैं। फलों में विभिन्न तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी हैं। फलों के नियमित से विभिन्न बीमारियों से बचने में मदद मिलती है। ऐसा ही एक जबरदस्त फल है अनार, जिससे सेहत को अनगिनत फायदे मिलते हैं। हार्वर्ड मेडिकल एक्सपर्ट्स इस बात पर चिंता जाहिर करते हैं कि अमेरिका में बहुत से लोगों को अनार के बारे में नहीं पता है और न ही खाया है।

क्लीवलैंड क्लिनिक की डाइटीशियन जूलिया जम्पानो ने बताया है कि अनार में न सिर्फ कम कैलोरी होती है बल्कि विभिन्न पोषक तत्वों से भरपूर यह फल कई रोगों का इलाज कर सकता है। एक अध्ययन में हार्वर्ड के डॉक्टरों ने भी माना है कि अनार एक एक शक्तिशाली फल है, जिसे खाने और इसका रस पीने से हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, कैंसर और दिल से जुड़े रोगों से बचने में मदद मिल सकती है। चलिए जानते हैं कि रोजाना अनार खाने से आपको क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

### एंटीऑक्सिडेंट और कैंसर से लड़ने वाले गुण

जम्पानो कहती हैं कि अनार में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो कोशिकाओं को विषाक्त पदार्थों से बचाने में मदद करते हैं और डीएनए को डैमेज होने से बचाते हैं, जिससे कैंसर हो सकता है।

गंदे कोलेस्ट्रॉल को करता है बाहर

हार्वर्ड की रिपोर्ट बताती है कि अध्ययनों से पता चलता है कि अनार का रस हानिकारक एलडीएल यानी गंदे कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने और हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है।

### पाचन को बनाता है मजबूत

अनार की फाइबर सामग्री पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करती है। आपको इसका रस पीने के बजाय पूरा फल खाना चाहिए। आधा कप अनार के दानों में 72 कैलोरी, 35 ग्राम फाइबर और 12 ग्राम शुगर होती है।

### प्रोस्टेट को रखता है दुरुस्त

अनार के रस को प्रोस्टेट कैंसर वाले पुरुषों में प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन लेवल को स्थिर करने के लिए जाना जाता है। कुछ शोधों में पाया गया है कि अनार के रस में मौजूद घटक कैंसर कोशिकाओं के प्रसार को बढ़ावा देने वाले रासायनिक तत्वों को कमजोर करके उनकी गति को रोकने में मदद कर सकते हैं।

### दिल को स्वस्थ रखने में मददगार

अनार के लाल दानों में मौजूद एलाजिक एसिड और एंथोसायनिन जैसे एंटीऑक्सिडेंट यौगिक हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम कर सकते हैं । इतना है नहीं यह धमनी की दीवारों पर जमा फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य गंदे पदार्थों को हटा सकते हैं, जो रक्त वाहिकाओं को बंद करते हैं। एक दिन में एक कप अनार का रस पीने से दिल को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है।



# कॉफी पीने से 30 प्रतिशत घटती है मौत की आशंका

जॉन्स हॉपकिन्स मेडिसिन द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन के अनुसार कॉफी पीने से मौत का खतरा 30 प्रतिशत कम हो जाता है। इसके साथ ही कॉफी पीने से तीव्र गुर्दे की चोट में भी फायदा होता है। रिपोर्ट के अनुसार, किडनी इंटरनेशनल रिपोर्ट्स जर्नल में 5 मई को प्रकाशित निष्कर्ष बताते हैं कि जो लोग हर दिन किसी भी मात्रा में कॉफी पीते थे, उनमें एकेआई का 15 प्रतिशत कम जोखिम था, जो कि पीने वाले समूह में सबसे बड़ी कमी देखी गई थी। शोधकर्ताओं ने पाया है कि कॉफी पीने से मृत्यु की आशंका घटती है। एनल्स ऑफ इंटर्नल मेडिसिन में प्रकाशित रिसर्च का निष्कर्ष है कि जिन लोगों ने एक चम्मच शुगर के साथ डेढ़ से लेकर साढ़े तीन कप कॉफी प्रतिदिन पी थी, उन लोगों के कॉफी ना पीने वालों की तुलना में मरने का खतरा 30 प्रतिशत कम रहा। शोधकर्ताओं ने ब्रिटेन में बड़े मेडिकल डेटा बेस यूके बायोबैंक से कॉफी पीने के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। उन्होंने सात वर्ष तक 37 से 73 वर्ष की आयु के बीच एक लाख 70 हजार लोगों की जीवनशैली, खानपान से सम्बन्धित जानकारी पर नजर डाली है। शोध के अनुसार कैफीन युक्त और बिना कैफीन की कॉफी पीने वालों में मौत का खतरा कम पाया गया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.क्रिस्टीना वी कहती हैं, ऐसी बहुत कम चीजें हैं जो मौत का खतरा 30 प्रतिशत घटाती हैं। पहले भी कई शोधों में कॉफी पीने से स्वास्थ्य को कई फायदों के संकेत मिले हैं। हम पहले से ही जानते हैं कि नियमित रूप से कॉफी पीने से टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और यकृत रोग सहित पुरानी और अपक्षयी बीमारियों की रोकथाम के साथ जुड़ा हुआ है। कॉफी पीने से मृत्यु कम होने के साथ बुढ़ापे की बीमारी पार्किंसंस, दिल की बीमारियों, टाइप-2 डायबिटीज, लिवर प्रोस्टेट कैंसर सहित कई बीमारियों की आशंका घटती है। विशेषज्ञों का कहना है कि कॉफी में एंटीऑक्सीडेंट अधिक होने से शरीर की कोशिकाओं का नुकसान रुकता या कम होता है।



# आपको इन बीमारियों का शिकार बना सकते हैं घर के बर्तन

क्या आप अपने घर में प्लास्टिक के प्लेट या बर्तनों में भोजन करते हैं,अगर हां तो जल्दी ही आप डायबिटीज और हृदय रोगों का शिकार हो जाएंगे। यकीन नहीं आता है तो यहां पढ़ें कैसे घर के बर्तन आपको इन बीमारियों का शिकार बना सकते हैं।

भारत में हमेशा से ही जितना भोजन पर ध्यान दिया जाता है, उससे कहीं ज्यादा आप किस बर्तन में भोजन कर रहे हैं, इस पर ध्यान दिया जाता है। आज के समय में लोग ज्यादातर प्लास्टिक की डिजाइनर प्लेटों में ही भोजन करना पसंद करते हैं। यही नहीं, रेस्टोरेंट में भी देखा गया है कि स्टील की थाली और कटोरी कम ही उपयोग में लाई जाती हो। लेकिन यह सेहत के लिए कतई अच्छी नहीं है। बहुत कम लोग इस बात की जानकारी रखते हैं कि हर तरह के बर्तन के अपने ही गुण और अवगुण होते हैं। शायद आपने सुना भी होगा कि तांबे के गिलास में पानी पीना बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है। लेकिन इनमें अगर प्लास्टिक के बर्तनों की बात करें, तो इनमें कोई गुण नहीं होता। बल्कि यह आपको हृदय रोग, डायबिटीज और कैंसर जैसी बीमारियों से संक्रमित कर सकती हैं। ऐसे में आपके लिए यह जानना बेहद जरूर है कि सेहतमंद रहने के लिए आपको किस चीज के बने हुए बर्तन में भोजन करना चाहिए। भारत के गरीब और मध्यवर्गीय घरों में सबसे ज्यादा स्टील के बर्तनों का ही उपयोग किया जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह बर्तन लंबे समय तक चलते हैं। जबकि बहुत कम लोग जानते हैं कि स्टील तेल और एसिड और ग्रीस पर रिएक्ट नहीं करता। यही नहीं स्टील के बर्तनों में आयरन मौजूद होता है जो आपके शरीर में रेड ब्लड सेल्स का निर्माण करने के लिए जाना जाता है। ऐसे में अगर किसी को एनीमिया की शिकायत है तो उसे स्टील की प्लेट में भोजन करने से लाभ हो सकता है। इसके अलावा स्टील के बर्तनों को रिसाइकिल करना भी बेहद आसान होता है। कुल मिलाकर स्टील एक टिकाऊ और स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद बर्तन है जिसका उपयोग भोजन करने के लिए किया जा सकता है।

### सिरेमिक के बर्तन होते हैं केमिकल फ्री

आज के समय में सिरेमिक के बर्तन सबसे ज्यादा चलन में हैं। यह बर्तन चीनी मिट्टी के नाम से भी जाने जाते हैं। चीनी मिट्टी के बर्तनों को तैयार करने के लिए, मिट्टी को अधिक तापमान पर गर्म किया जाता है। बहुत से लोगों ने सिरेमिक के बर्तनों के अंदर भोजन पकाना भी शुरू कर दिया है। आप भी इन बर्तनों का उपयोग कर सकते हैं। यह आपके भोजन को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं क्योंकि इनमें किसी तरह का कोई भी रसायन मौजूद नहीं होता।

### मेटाबॉलिज्म तेज करता है तांबे का बर्तन

तांबे के बर्तनों का उपयोग पहले के समय में बहुत अधिक किया जाता था। बताया जाता है कि तांबे का संबंध सूर्य और आग से होता है। तांबे की थाली में भोजन करने से अग्नि में वृद्धि होती है। जिसके कारण आपका मेटाबॉलिज्म तेज होता है इसके अलावा भी तांबे की थाली या बर्तन में भोजन करने के कई फायदे हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

### तांबे के बर्तन में खाने के फायदे

- वजन घटाने में
- बॉडी को डिटॉक्सिफाई करने में
- हीमोग्लोबिन बढ़ाने में
- पाचन शक्ति बढ़ाने में
- हृदय रोग से बचाने में
- ब्लड प्रेशर को संतुलित करें
- स्किन को बेहतर करें और बढ़ती उम्र के असर को कम करें
- जोड़ों के दर्द और मस्कुलर दर्द से राहत



### आयुर्वेद देता है चांदी में भोजन करने की सलाह



चांदी का उपयोग यूं तो लोग आमतौर पर गहनो के तौर पर करते हैं। लेकिन आयुर्वेद लंबे समय से चांदी के बर्तनों में भोजन करने की पैरवी करता आ रहा है। आयुर्वेद के मुताबिक चांदी के बर्तनों में ऐसे गुण होते हैं, जो आपको बदलते मौसम के साथ होने वाली बीमारियों से बचाता है। कुल मिलाकर अगर आप चांदी के बर्तन में भोजन करते हैं या पानी पीते हैं, तो यह आपको पूरी तरह स्वस्थ रखता है।

### चांदी के बर्तन में खाना खाने के फायदे

- चांदी के बर्तनों में अर्क होता है जो आपके मस्तिष्क की शक्ति में बढ़ोतरी करता है।
- अगर नन्हे शिशुओं को चांदी के बर्तन में दूध पिलाया जाए तो अधिक स्वस्थ रहते हैं।
- चांदी के गिलास में पानी पीना भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। दरअसल चांदी के अंदर ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो पानी के अंदर मौजूद किसी भी तरह की अशुद्धियों से लड़ने का कार्य करते हैं।

### याददाश्त तेज करता है सोने का बर्तन

सोने का उपयोग आज भारतीय महिलाएं गहनों के तौर पर ही करती हैं। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब लोग सोने के बर्तनों में ही खाना खाया करते थे। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो आज भी सोने के बर्तनों में ही भोजन करना पसंद करते हैं। आपको बता दें कि सोने के बर्तन में भोजन करने से आपकी याददाश्त तेज होती है। ऐसे में सोने के बर्तन का उपयोग अल्जाइमर की बीमारी में भी फायदेमंद होता है। यही नहीं आयुर्वेद के अनुसार सोने के बर्तनों में भोजन करने से वात पित्त और कफ दोषों को भी संतुलित किया जा सकता है।

### केले के पेड़ का पत्ता

दक्षिण भारत के अंदर किसी धातु या प्लास्टिक के बर्तन का उपयोग नहीं किया जाता। बल्कि वहां केले के पेड़ के पत्तों को ही थाली की तरह इस्तेमाल में लिया जाता है। यहां के लोगों का मानना है कि केले के पत्ते पर भोजन करने से भोजन का स्वाद बेहतर होता है और इससे भूख भी बढ़ती है। साथ ही केले के अंदर एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। साथ ही यह एक इको फ्रेंडली भी है।





# 5 तरह का होता है मलेरिया बुखार

मच्छरों से होने वाली बीमारियों का कहर लोगों को परेशान कर रहा है। यही वह मौसम होता है जब लोग मलेरिया और डेंगू जैसी मच्छरों से होने वाली बीमारियो से सबसे ज्यादा पीड़ित रहते हैं। आम तौर पर लोग मलेरिया के बारे में सिर्फ इतना ही जानते हैं कि मलेरिया बुखार मच्छरों से होने वाला एक तरह का संक्रामक रोग है। पर क्या आपको यह पता है कि मलेरिया एक नहीं बल्कि 5 तरह का होता है। आइए जानते हैं क्या है मलेरिया, इसके लक्षण और बचाव के उपाय क्या हैं।

### क्या है मलेरिया

मलेरिया बुखार मच्छरों से होने वाला एक तरह का संक्रामक रोग है। जो फीमेल एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है। इस मादा मच्छर में एक खास प्रकार का जीवाणु पाया जाता है जिसे डॉक्टरी भाषा में प्लाज्मोडियम नाम से जाना जाता है। एक नहीं 5 तरह का होता है मलेरिया मलेरिया फैलाने वाली इस फीमेल एनोफिलीज मच्छर में जीवाणु की 5 जातियां होती हैं इस मच्छर के काटते ही व्यक्ति के शरीर में प्लाज्मोडियम नामक जीवाणु प्रवेश कर जाता है। जो रोगी के शरीर में पहुंचकर कई गुना वृद्धि करके लिवर और रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करके व्यक्ति को बीमार बना देती है।

### मलेरिया के लक्षण

- बुखार, पसीना आना
- शरीर में दर्द
- उल्टी आना

### मलेरिया से बचाव

इस रोग से बचने के लिए घर के आस-पास गंदगी और पानी इकट्ठा न होने दें। ठहरे हुए पानी में मच्छर पैदा न हो इसके लिए बारिश शुरू होने से पहले ही घर के पास की नालियों की सफाई और सड़कों के गड्ढे आदि भरवा लें। घर के आस-पास समय-समय पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करवाते रहें। इस मौसम में मच्छरों से बचने के लिए शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहनें।

### मलेरिया के प्रकार

**प्लास्मोडियम फैल्सीपैरम**

इस रोग से पीड़ित व्यक्ति एकदम बेसुध हो जाता है लगातार उल्टियां होने से इस बुखार में व्यक्ति की जान भी जा सकती है।

**सोडियम विवैक्स**

विवैक्स परजीवी ज्यादातर दिन के समय काटता है। ज्यादातर लोग इस तरह के मलेरिया बुखार से पीड़ित होते हैं । यह मच्छर बिनाइन टर्शियन मलेरिया पैदा करता है जो हर तीसरे दिन अर्थात 48 घंटों के बाद अपना असर दिखाना शुरू करता है।

**प्लाज्मोडियम ओवेल मलेरिया**

मलेरिया का यह रूप बिनाइन टर्शियन मलेरिया उत्पन्न करता है।

**प्लास्मोडियम मलेरिया**

प्लास्मोडियम मलेरिया एक प्रकार का प्रोटोजोआ है, जो बेनाइन मलेरिया के लिए जिम्मेदार होता है। इस रोग में क्वार्टन मलेरिया उत्पन्न होता है, जिसमें मरीज को हर चौथे दिन बुखार आ जाता है इसके अलावा रोगी के यूरिन से प्रोटीन निकलने लगते हैं और शरीर में प्रोटीन की कमी होकर सूजन आ जाती है।

**प्लास्मोडियम नोलेसी**

दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाने वाला एक प्राइमेट मलेरिया परजीवी है। इस मलेरिया से पीड़ित रोगी में सिर दर्द, भूख ना लगना जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं।



# ज्यादा देर सोने से होते हैं बड़े नुकसान

छुट्टी के दिन देर तक सोने का मन ज्यादातर हर व्यक्ति का करता है। लेकिन समस्या तब हो जाती है जब ऐसा करना आपकी आदत में शामिल हो जाए और धीरे-धीरे आपको स्वास्थ्य समस्याएं परेशान करने लगे। जी हां ज्यादा देर सोने से आपको मोटापे से लेकर शुगर जैसी बड़ी परेशानियां घेर सकती हैं। आइए जानते हैं ज्यादा देर सोने से होते हैं कौन से बड़े नुकसान।

### डायबिटीज

ज्यादा देर सोने से व्यक्ति की फिजिकल एक्टिविटी ना के बराबर हो जाती है और उसका शुगर लेवल बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। जर्नल पीएलओएस में छपी एक स्टडी के मुताबिक 9 घंटे से ज्यादा नींद लेने से व्यक्ति के शरीर में शुगर का खतरा बढ़ जाता है।

### दिल के रोग

अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन में छपी स्टडी की मानें तो अधिक नींद लेने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस स्टडी के मुताबिक जो महिलाएं 9 से 11 घंटे की नींद लेती हैं उनमें दिल के रोग होने की संभावना 38 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

### डिप्रेशन की संभावना

आपको जानकर हैरानी होगी कि जरूरत से ज्यादा सोना भी डिप्रेशन का कारण बन सकता है। हाल ही में पीएलओएस में छपी एक स्टडी के मुताबिक ज्यादा सोना डिप्रेशन का कारण बन सकता है। इतना ही नहीं अधिक देर सोने से व्यक्ति के भीतर सुस्ती बनी रहती है और उसका मन रोजाना के काम में भी नहीं लगता है।

### मोटापा

ज्यादा देर सोने की वजह से फिजिकल एक्टिविटी न के बराबर हो जाती है। व्यक्ति अधिकतर समय अपना खाकर, बैठकर या फिर सोकर गुजार देता है। जो आगे चलकर वजन और मोटापा बढ़ने का कारण बनता है। इतना ही नहीं इसकी वजह से पाचन क्रिया धीमी होने लगती है और व्यक्ति को कब्ज की समस्या भी परेशान करने लगती है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in